धनु राशि के जातकों के लिए यह साल उम्मीदों से भरा रहने वाला है लेकिन वर्ष की शुरुआत में सूर्य और मंगल आपकी राशि में रहकर आपको गर्म दिमाग बनाएंगे। आपको उग्रता में आकर कुछ भी बोलने और कोई भी व्यवहार या निर्णय लेने से बचना चाहिए क्योंकि इससे आपका न केवल व्यापार और बल्कि आपका निजी जीवन भी प्रभावित हो सकता है। वर्ष की शुरुआत में बृहस्पति आपके पंचम भाव में विराजमान रहेंगे। आपके प्रेम संबंधों को सुधारेंगे। आपके भाग्य की बढ़ोतरी करेंगे और आपकी आमदनी में भी अच्छी उन्नति देखने को मिलेगी। संतान से संबंधित अच्छे समाचार मिल सकते हैं या संतान हो सकती है। विद्यार्थियों को भी अच्छे परिणाम मिलेंगे। शनि पूरे वर्ष तीसरे भाव में रहकर आपको साहस और पराक्रम देंगे। यदि आप इस वर्ष अपने आलस्य को छोड़ देंगे तो जीवन में बहुत कुछ प्राप्त कर पाएंगे। राहु पूरे वर्ष आपके चौथे और केतु दशम भाव में बने रहेंगे जिससे जीविका में उतार-चढ़ाव की स्थिति रहेगी और पारिवारिक संबंधों में भी रस्साकशी की स्थिति बन सकती है। प्रेम संबंधों के लिए वर्ष की शुरुआत अनुकूल रहेगी। बृहस्पति पंचम भाव में बैठकर प्रेम जीवन को खुशियों से भरा बनाएंगे। हालांकि आपकी राशि में उपस्थित मंगल और सूर्य के कारण उग्रता में आकर कुछ कठिन परिस्थितियों को जन्म दे सकते हैं। इनसे बचने की कोशिश करेंगे तो यह वर्ष आपको प्यार में बहुत कुछ प्रदान करेगा। नौकरी के लिए वर्ष उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। रोजगार में आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आपके सामने कई बार ऐसी स्थिति आएगी कि जब आपका मन काम में नहीं लगेगा लेकिन किसी भी तरह की गड़बड़ी करने से बचें।

मकर
राशि स्वामी : शनि
भो, जा, जी, खा, खी, खू, खो, गा, गी

यह वर्ष मकर राशि वालों के लिए आर्थिक रूप से अनुकूल परिणाम लेकर आने वाला है। आपके राशि स्वामी आपके दूसरे भाव के स्वामी भी हैं। साढ़े साते का प्रभाव उतरता हुआ रहेगा। वहीं शनि दूसरे भाव में पूरे वर्ष बने रहने के कारण आर्थिक रूप से आपको मजबूत बनाते रहेंगे। आप चुनौतियों से डरेंगे नहीं और उनका डटकर सामना करेंगे। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। बृहस्पति मई तक चौथे भाव में रहकर पारिवारिक जीवन में खुशियां लेकर आएंगे और करियर को भी सफलता देंगे। मई से आपके पंचम भाव में जाकर संतान संबंधित समाचारों के कारण बन सकते हैं। पूरे वर्ष आपके तीसरे भाव में रहकर आपके जोखिम लेने की प्रवृत्ति को बढ़ाएंगे और आपके व्यापार में भी आपको अच्छी सफलता प्रदान कर सकते हैं। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचना आपके लिए सफलता दायक होगा। आपको अपने परिवार को जोड़कर रखने के लिए प्रयास करने होंगे और आपके प्रयास करने से आपको इस वर्ष सफलता भी मिल सकती है। वर्ष की शुरुआत प्रेम संबंधों के लिए अनुकूल रहेगी। एक दूसरे पर विश्वास बढ़ेगा। रोजगार में अच्छी सफलता इस वर्ष आपको मिल सकती है जबकि विद्यार्थियों को मेहनत और एकाग्रता से आगे बढ़ने पर दक्षता बढ़ेगी और पढ़ाई में सफलता मिलेगी। उच्च शिक्षा वाले विद्यार्थियों को कुछ व्यवधानों का सामना करना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ सावधानियां रखनी आवश्यक होंगी। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह वर्ष अनुकूल रहेगा। हल्की - फुल्की समस्याएं बीच-बीच में परेशान कर सकती हैं।

कुंभ
राशि स्वामी : शनि
गू, गे, गो, दा, सा, सी, सू, से, सो

कुंभ राशि के ऊपर हृदय का साढ़े साती शनि प्रभाव चल रहा है। जातकों के लिए यह वर्ष बहुत कुछ प्रदान करने वाला वर्ष साबित होगा। आपके राशि स्वामी शनि आपकी ही राशि में पूरे वर्ष बने रहेंगे। यह आपके लिए हर तरीके से शुभ परिणाम लेकर आएगा। आपके जीवन में अनुशासन बढ़ेगा। आप हर काम को पूरी लगन और मेहनत से करेंगे जिससे कार्य क्षेत्र में भी अपना अच्छा स्थान बना पाएंगे। आपकी मेहनत आपको अन्य लोगों से आगे रखेगी। बृहस्पति मई तक आपके तीसरे भाव में रहकर आपकी आमदनी में बढ़ोतरी का कारण बनेंगे और आपके वैवाहिक जीवन में भी अनुकूल समय की आहट होगी। व्यापार में वृद्धि के योग बनेंगे और भाग्य वृद्धि होगी। मई के बाद बृहस्पति चतुर्थ भाव में जाकर पारिवारिक संबंधों को अनुकूल बनाने के लिए आपकी मदद करेंगे। वर्ष की शुरुआत में सूर्य और मंगल के प्रभाव के कारण प्रेम संबंधों में कुछ तनाव बढ़ सकता है, जो वर्ष के उत्तरार्ध में अनुकूल हो जाएगा। आप अपना रिश्ता निभाने की सच्ची कोशिश करेंगे जो धीरे-धीरे कामयाब होगी और प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। करियर के मामले में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। शनि आप से मेहनत कराएंगे जो आपको नौकरी और व्यापार दोनों ही क्षेत्रों में अच्छी सफलता प्रदान करेगी। विद्यार्थियों को जागरूकता की कमी से जूझना पड़ेगा और इस साल की शुरुआत कुछ कमजोर रहेगी। आगे वर्ष के बीच में परीक्षा में सफलता के योग बन रहे हैं। वित्तीय तौर पर यह वर्ष उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। धन व्यय करने पर ध्यान दें। पारिवारिक जीवन अनुकूल रहेगा। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहने की संभावना है। स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुकूलता रहेगी।

मीन
राशि स्वामी : गुरू
दी, दू, दे, दो, चा, ची, थ, झ, त्र

मीन राशि वालों को इस वर्ष सिर पर चढ़ते हुए साढ़ेसाती का प्रभाव चल रहा है। आपकी राशि के स्वामी बृहस्पति वर्ष की शुरुआत से ही आपके दूसरे भाव में रहेंगे और आपके धन और आपके कुटुंब की रक्षा करेंगे। आपकी वाणी में मिठास बढ़ेगी जिससे आपके रिश्ते मजबूत होंगे। धन संचित करने में आपको सफलता मिलेगी। केवल इतना ही नहीं, ससुराल पक्ष से भी आपके संबंध बढ़िया होने लगेंगे। बृहस्पति मई को तीसरे भाव में चले जाएंगे जिससे आपके व्यापार में बढ़ोतरी होगी। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म के मामलों में मन लगेगा। शनि पूरे वर्ष द्वादश भाव में बने रहने से आपको अपने खर्चों पर ध्यान देना होगा क्योंकि कोई न कोई खर्च पूरे वर्ष लगा रहने वाला है। विदेश यात्रा इस वर्ष होने के प्रबल योग हैं इसलिए इसकी तैयारी पूरी करके रखें। राहु प्रथम भाव में और सप्तम भाव में केतु का गोचर बना रहने से वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव की स्थितियां बनती रहेंगी। वर्ष की शुरुआत प्रेम संबंधों के लिए अनुकूल रहेगी। मंगल की दृष्टि पंचम भाव पर होने पर हल्की-फुल्की समस्याएं आ सकती हैं। वर्ष के बीच में थोड़ी सावधानी रखनी होगी, जब सूर्य और मंगल का प्रभाव रिश्तों में खटास बढ़ा सकता है। आपके प्रियतम को इस वर्ष स्वास्थ्य समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वर्ष का मध्य अनुकूल रहेगा। करियर के मामले में यह वर्ष अनुकूलता लेकर आ रहा है। आप अपनी नौकरी में अच्छा काम करेंगे और आपके वरिष्ठ अधिकारी भी आप से संतुष्ट रहेंगे। आपको काम के सिलसिले में विदेश जाने का मौका भी मिल सकता है। विद्यार्थियों के लिए वर्ष की शुरुआत अनुकूल रहेगी। समस्याओं के बावजूद आप पढ़ाई पर ध्यान देकर अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहेंगे।

पं. अयोध्या प्रसाद गौतम पंचांग

प्रात:कालीन ग्रहाचार स्थिति ता. 1 मार्च की



12 रा.	11 सू.बु.श.	10 मं.शु.
1 गु	2	9
3	5	8
4	6 के.	7 चं.

ग्रह परिवर्तन स्थिति

सूर्य- कुंभ में, ता. 14 को 3:03 दिन से मीन में। **मंगल-** मकर में, ता. 15 को 5:11 शाम से कुंभ में। **बुध-** कुंभ में, ता. 7 को 10:10 दिन से मीन में। ता. 25 को 8:10 रात्रि से मेष में। **गुरु-** मेष में, **शुक्र-** मकर में, ता. 7 को 2:2 दिन से कुंभ में। ता. 31 को 7:51 प्रातः से मीन में। **शनि-** कुंभ में, **राहू-** मीन में, **केतु-** कन्या राशि में भ्रमणरत रहेंगे।

मूल ता. 3 को 10। 54 दिन से ता. 5 को 10। 54 दिन तक। ता. 11 को 1।37 रात से ता. 13 को 10।48 रात तक। ता. 20 को 12।22 रात. से ता. 22 को 4।47 रात तक। ता. 30 को 6।31 सायं से शुरु होंगे।

गुरु शुक्र तारा- पूर्व दिशा में उदित

सूर्य उत्तरायन

शिशिर ऋतु
ता. 15 से बसंत ऋतु

प्रात:कालीन ग्रहाचार स्थिति ता. 15 मार्च की



1 गु.	12 सू.बु.रा.	11 शु.श.
2 चं.	3	10मं.
4	6 के.	9
5	7	8

चंद्र परिवर्तन स्थिति

ता. 1 को 3।59 बजे रात से वृश्चिक का। ता. 4 को 11।8 बजे दिन से धनु का। ता. 6 को 4।5 बजे दिन से मकर का। ता. 8 को 7।19 बजे सायं से कुंभ का। ता. 10 को 9। 42 बजे रात से मीन का। ता. 12 को 12।6 बजे रात से मेष का। ता. 14 को 3।35 बजे रात से वृष का। ता. 17 को 8। 49 बजे प्रातः से मिथुन का। ता. 19 को 4। 28 बजे दिन से कर्क का। ता. 21 को 2।25 बजे रात से सिंह का। ता. 24 को 2।3 बजे दिन से कन्या का। ता. 26 को 1। 37 बजे रात से तुला का। ता. 29 को 11।29 बजे दिन से वृश्चिक का। ता. 31 को 6।52 बजे सायं से धनु का।

शालिवाहन संवत 1945-46
शंकराचार्य संवत् 2530
श्री महर्षि संवत 107

मार्च 2024

संवत् 2080
फाल्गुन-चैत्र मास

ता. 8 महाशिवरात्रि
यह दिन भगवान शिव को समर्पित है जिसमें चार प्रहर रात्रि जागरण के साथ शिव आराधना, हवन, अभिषेक किया जाता है।

ता. 24 मार्च होलिका दहन
धर्म सिंधु पृष्ठ 229 के अनुसार प्रतिपदा युक्त पूर्णिमा साढ़े तीन प्रहर से ऊपर होने पर प्रदोष व्यापिनी प्रतिपदा में होलिका दहन करना शास्त्र सम्मत है, परन्तु भद्रायुक्त पूर्णिमा को होलिका दहन वर्जित है। अतः होलिका दहन ता. 24 को प्रदोषकाल के बाद होगा तथा 25 को होलिकोत्सव होगा।

शिव वास अग्नि वास
ता. मार्च 6, 10, 14, 18, 22, 26, 30 को शिववास एवं अग्निवास दोनों रहेगा।

उपरोक्त तारीखों में विद्वान पाठक समय का निर्धारण कर यज्ञादि कार्य करें।

तिथि समय समा.

तारीख	तिथि	समय	बजे तक	माह पक्ष
1	6	2।58	रात	फाल्गुन कृष्णपक्ष
2	7	3।15	रात	
3	8	3।2	रात	
4	9	2।18	रात	
5	10	1।8	रात	
6	11	11।36	रात	
7	12	9।44	रात	
8	13	7।37	रात	
9	14	5।21	सायं	
10	30	2।59	दिन	
11	1	12।36	दिन	फाल्गुन शुक्लपक्ष
12	2	10।17	दिन	
13	3	8।6	प्रात:	
14	4 5	6।9	प्रात:	
15	6	3।16	रात	
16	7	2।25	रात	
17	8	2।3	रात	
18	9	2।11	रात	
19	10	2।50	रात	
20	11	3।57	रात	
21	12	5।31	रात	
22	13	दिन	रात	
23	13	7।24	प्रात:	
24	14	9।29	दिन	
25	15	11।34	दिन	
26	1	1।29	दिन	चैत्र कृष्णपक्ष
27	2	3।7	दिन	
28	3	4।20	दिन	
29	4	5।4	सायं	
30	5	5।18	सायं	
31	6	5।1	सायं	

वार					
SUNDAY रवि	एकनाथ षष्ठी **31** ज्येष्ठा 6।52 सायं ईस्टर संडे चैत्र कृष्ण 6	सीता अष्टमी **3** अनुराधा 10।54 दिन जानकी प्रकटो. फाल्गुन कृष्ण 8	स्नानदान अमावस्या **10** पूर्वा भाद्रपद 3।14 रात पंचक फाल्गुन कृष्ण 30	होलाष्टक आरंभ **17** मृगशिर 8।57 रात सौम्य योग फाल्गुन शुक्ल 8	व्रत की पूर्णिमा **24** पूर्वा फा. 7।21 प्रातः होलिका दहन फाल्गुन शुक्ल 14
MONDAY सोम	**भद्रा** ता. 2 को सूर्योदय से 3।15 बजे दिन ता. 5 को 1। 48 बजे दिन से 1। 8 बजे रात्रि ता. 8 को 7। 37 बजे रात्रि से रात्रिअंत। ता. 9 को सूर्योदय से 6। 34 बजे प्रातः ता. 13 को 7। 11 बजे रात्रि से 6।13 बजे रात्रि। ता. 14 को सूर्योदय से 6।9 बजे प्रातः ता. 16 को 2।25 बजे रात्रि से रात्रिअंत। ता. 17 को सूर्योदय से 2।14 बजे दिन ता. 20 को 3।25 बजे दिन से 3।57 बजे रात्रि ता. 24 को 9।29 बजे दिन से 10।35 बजे रात्रि ता. 27 को 3।52 बजे रात्रि से ता. 28 को 4।20 बजे दिन, ता. 31 को 5। 1 बजे सायं से 4।48 बजे रात्रि अंत तक भद्रा रहेगी।। **पंचक** ता. 8 को 7।19 बजे सायं से ता. 12 को 12।6 बजे रात पंचक रहेंगे।	अंवष्टिका श्राद्ध **4** ज्येष्ठा 11।18 दिन पद्म योग फाल्गुन कृष्ण 9	गद योग **11** उत्तर भाद्रपद 1।37 रात पंचक फाल्गुन शुक्ल 1	**18** आर्द्रा 9।36 रात कालदंड योग फाल्गुन शुक्ल 9	स्नानदान पूर्णिमा, होली उत्सव **25** उत्तरा फा. 9।57 दिन होलाष्टक समाप्त फाल्गुन शुक्ल 15
TUESDAY मंगल		छत्र योग **5** मूल 10।54 दिन स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती फाल्गुन कृष्ण 10	फुलरिया दोज **12** रेवती 12।16 रात पंचक समाप्त फाल्गुन शुक्ल 2	फगु दसमी **19** पुनर्वसु 10।45 रात फाल्गुन शुक्ल 10	वसंतोत्सव **26** हस्त 12।24 दिन सौम्य होली चैत्र कृष्ण 1
WEDNESDAY बुध		एकादशी व्रतं सर्वे. **6** पूर्वाषाढ़ 10।16 दिन श्रीवत्स योग फाल्गुन कृष्ण 11	गणेश चतुर्थी व्रतं **13** अश्विनी 10।48 रात फाल्गुन शुक्ल 3	आमलकी एकादशी **20** पुष्य 12।22 रात मातंग योग फाल्गुन शुक्ल 11	भाईदूज **27** चित्रा 2।34 दिन कालदंड योग चैत्र कृष्ण 2
THURSDAY गुरु		**7** उत्तराषाढ़ 9।17 दिन सौम्य योग फाल्गुन कृष्ण 12	खरमासारंभ **14** भरणी 9।46 रात मीन संक्रांति फाल्गुन शुक्ल 4,5	गोविन्द द्वादशी **21** श्लेषा 2।25 रात अमृत योग फाल्गुन शुक्ल 12	गणेश चतुर्थी व्रतं चंद्रो. 9।33 रात्रि **28** स्वाती 4।22 दिन सुस्थिर योग चैत्र कृष्ण 3
FRIDAY शुक्र	**1** स्वाती 8।57 दिन गद्य योग फाल्गुन कृष्ण 6	प्रदोष महाशिवरात्रि व्रतं **8** श्रवण 8।10 दिन पंचक प्रारंभ फाल्गुन कृष्ण 13	गोरूपणी षष्ठी **15** कृतिका 9।14 रात छत्र योग फाल्गुन शुक्ल 6	प्रदोष व्रतं **22** मघा 4।47 रात विश्व जल दिवस फाल्गुन शुक्ल 13	गुडफ्रायडे **29** विशाखा 5।41 सायं मातंग योग चैत्र कृष्ण 4
SATURDAY शनि	**2** विशाखा 10।10 दिन धुम्र योग फाल्गुन कृष्ण 7	पंचक **9** धनि.शत. 5।32 रात्रि अंत प्रवर्धमान योग फाल्गुन कृष्ण 14	कामदा सप्तमी **16** रोहिणी 8।47 रात श्रीवत्स योग फाल्गुन शुक्ल 7	**23** पूर्वा फा. दिनरात लुंबक योग फाल्गुन शुक्ल 13	रंग पंचमी **30** अनुराधा 6।31 सायं अमृत योग चैत्र कृष्ण 5

मुहूर्त

विवाह- ता. 2 से 7, मासांत दोष मीन संक्रांति
नामकरण- ता. 6, 7, 13, 20 , 27, 28
कर्णभेद - ता. 13
मुंडन -ता. 13
अक्षरारंभ- ता. 13
अन्नप्राशन- ता. 13
सीमांत पुंसवन- ता. 5, 20
नवीन वस्त्र- ता. 2, 3, 6, 7, 13, 16, 20, 23, 30
प्रसूति स्नान- ता. 22, 23
व्यापारारंभ-ता. 3, 6, 13, 17, 20, 28
वाहन क्रय- ता. 2, 3, 13, 17, 20
देव प्रतिष्ठा- ता. 13
शल्यक्रिया- ता. 3, 17
वाटिका रोपण- ता. 3, 17
औषधि सेवन- ता. 3, 13, 17, 20, 23
यात्रा- ता. 2, 13, 16, 19, 23, 30
धान्य छेदन- ता. 6, 13, 20
उपनयन- ता. 13, 20, 21
गृह प्रवेश- ता. 6, 7
वस्तु क्रय - ता. 13, 21, 22
द्विरागमन - ता. 6, 7, 13
शस्त्र निर्माण- ता. 3, 5, 6, 22
पशु क्रय-विक्रय- ता. 3, 13, 20
ईंट भट्टा - ता. 7
शिल्प विद्या- ता.3 17, 20
मुहूर्तों में समय का शोधन कर उपयोग करें।

राशिफल

मेष - जायजाद वृद्धि, चिंता निवारण।
वृष- भूमि लाभ, प्रतिष्ठा में वृद्धि, यात्रा।
मिथुन - सहयोग मिलेगा, व्यर्थ की चिंता।
कर्क - शुभ प्रसंग, यात्रा, परेशानी, कष्ट।
सिंह - सफलता, धन लाभ, व्यर्थ विवाद।
कन्या - पुत्र सुख, भूमि लाभ, यात्रा कष्ट।
तुला - स्थानांतरण, शरीर कष्ट, तनाव।
वृश्चिक - स्वास्थ्य चिंता, धोखा परेशानी।
धनु - मतभेद बढ़ेगा, मेहमान, आगमन।
मकर- शुभ समाचार, धन लाभ, मतभेद।
कुम्भ- प्रापर्टी से लाभ, रोग, पुत्र सुख।
मीन- श्रम अधिक, लाभ, बेवजह तनाव।

प्रमुख दिवस, जयंती

ता. 5 स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती
ता. 8 वैद्यनाथ जयंती
ता. 12 रामकृष्ण परमहंस जयंती
ता. 15 उपभोक्ता संरक्षण दिवस
ता. 22 विश्व जल दिवस, ज्योतिष दिवस
ता. 23 श्री सरदार भगतसिंह आदि श.दि.
ता. 25 चेतन्य महाप्रभु जयंती
ता. 27 संत तुकाराम जयंती

शुभ योग

सर्वार्थ सिद्धि योग - ता 8 को सूर्योदय से 8 बजे प्रातः तक। ता 16 को सूर्योदय से रात्रि 8।46 तक, ता 24 को 7।21 बजे प्रातः से रातअंत तक। ता 29 को 5।41 बजे सायं से रातअंत तक। ता 31 को 6।52 बजे सायं से रातअंत तक।
अमृतसिद्धि योग- ता 16 को सूर्योदय से 8।47 बजे रात्रि तक।
रवियोग- ता 1 को प्रातः 8।57 बजे से रात्रिअंत ता 2 को सूर्योदय से दिन 10।10 बजे तक। ता 12 को रात्रि 12।6 बजे से रात्रिअंत ता 13 को सूर्योदय से रात्रि 10।48 बजे तक। ता 14 को रात्रि 9।46 बजे से रात्रिअंत ता 15 को सूर्योदय से रात्रि 9।4 बजे तक। ता 17 को रात्रि 8।57 बजे से रात्रिअंत ता 18 को रात्रि 9।36 बजे से रात्रिअंत ता 19 को सूर्योदय से रात्रिअंत ता 20 को सूर्योदय से रात्रि 12।22 बजे तक। ता 22 को रात्रि 4।47 बजे से रात्रिअंत ता 23 को सूर्योदय से रात्रि 7।25 बजे तक। ता 24 को सूर्योदय से प्रातः 7।21 बजे तक। ता 30 को सायं 6।31 बजे से रात्रिअंत तक।
द्विपुष्कर योग - ता. 16 को 8।47 रात से रात अंत तक। ता. 26 को 12।24 दिन से रात अंत तक। **त्रिपुष्कर योग** - ता. 2 को सूर्योदय से 10।10 दिन तक।
पुष्य नक्षत्र - ता 20 को सूर्योदय से 12।22 रात तक।

भोपाल

सूर्योदय	ता.	1-6.13	7-6.09	13-6.05	19-6.01	25-5.57	30-5,54
सूर्यास्त	ता.	1-5.47	7-5.51	13-5.55	19-5.59	25-6.03	30-6.06

माह के मुख्य व्रत, पर्व एवं त्योहार

ता. 3 सीता अष्टमी
ता. 6 विजया एकादशी व्रतं
ता. 8 प्रदोष व्रतं, महाशिवरात्रि
ता. 10 फाल्गुन अमावस्या
ता. 12 फुलरिया दोज
ता. 13 वैनायकी चतुर्थी व्रतं
ता. 17 होलाष्टक प्रारंभ
ता. 20 आमलकी एकादशी व्रतं
ता. 21 गोविंद द्वादशी व्रतं
ता. 22 प्रदोष व्रतं

ज्योतिष मठ संस्थान प्रकाशन
अथ वैदिक विवाह पद्धति

लेखक - पं.अयोध्या प्रसाद गौतम

ता. 24 होलिका दहन, व्रतं पूर्णिमा
ता. 25 स्नानदानपूर्णिमा, होलीउत्सव
ता. 26 वसन्तोत्सव
ता. 27 भाई दोज, चित्रगुप्त पूजा
ता. 28 श्री गणेश चतुर्थी व्रतं
ता. 30 रंग पंचमी
ता. 31 एकनाथ षष्ठी

जैन व्रत पर्व
ता. 16 रोहिणी व्रतं
ता. 26 षोडसकारण व्रत प्रारंभ

मीन संक्रांति फलं

ता. 14 को 3:3 दिन में मीन संक्रांति होगी। फाल्गुन शुक्ल पंचमी गुरुवार को भगवान सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेंगे। मीन संक्रांति बाल्यास्था में बैठी हुई स्थिति में अर्की है। संक्रांति के प्रभाव से धान्य, गल्ला, चावल आदि के दामों में कमी, आनंद योग व्याप्त, सर्वत्र शांति, खाद्य पदार्थों के मूल्य में गिरावट का रुख रहेगा। साक-तरकारी के भावों में घटा-बढ़ी, सोने-चांदी के भाव में मंदी का रुख रहेगा।

मास फल

इस माह कुंभ राशि पर सूर्य-बुध एवं शनि तथा मीन राशि पर सूर्य-बुध-राहु का त्रिग्रही योग का प्रभाव रहेगा। जिससे पूर्व दक्षिण के प्रांतों में धार्मिक सांप्रदायिक उपद्रव्य से जनधन की हानि हो सकती है। मंगल शनि की युति से राजनीतिक दलों को संघर्ष करना पड़ सकता है। यान दुर्घटना एवं प्राकृतिक प्रकोप से जन-धन की हानि हो सकती है। विशिष्ट व्यक्ति का देहावसान संभव है। धार्मिक वाद-विवाद बढ़ेगा, किसी बड़ी साजिश का भंडाफोड़ होगा, आरोप-प्रत्यारोप का दौर बढ़ेगा।, संक्रामक रोग से हानि, अनेक क्षेत्रों में वर्षा, आंधी-तूफान संभव है।

ज्योतषीय परामर्श हेतु संपर्क करें
प्रकाशक : ज्योतिष मठ संस्थान नेहरू नगर, भोपाल मो.-9827322068
प्रस्तुतकर्ता - पं. विनोद गौतम ईमेल-pt.vinodgoutam@gmail.com website-www.jyotishmath.com

विषय विशेषज्ञों की सलाह

वर्तमान समय पर जीवन में संघर्ष तनाव, अशांति की स्थितियां हमारे अज्ञान के कारण हमें विचलित कर देती हैं। ऐसे में संबंधित विषयों के जानकारों से अगर हमें सटीक मार्गदर्शन मिल जाए तो हमारी समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। प्रस्तुत है इस वर्ष के विषय विशेषज्ञों की राय जो आपके जीवन में बदलाव लाने में सक्षम हैं।

तेजी से पैर पसार रहे मानसिक रोग

विश्व में मानसिक रोग तेजी से पैर पसार रहा है। यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को किसी भी समय हो सकता है। यह मन की बीमारी है, बीमारी की जानकारी, लक्षण प्रकट होते ही मनोचिकित्सक के पास तुरंत ले जाएं। मानसिक रोग से पीड़ित व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम उठा सकता है। मानसिक रोगी को झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ने दें। प्रमुख मानसिक रोगों में डिप्रेशन, उदासी मस्तिष्क के कुछ रसायनों की कमी के कारण होती है। मेनिया रोग अति उत्साह मष्तिस्क में कुछ विशेष रसायनों की वृद्धि के कारण होता है। वैसे यह अधिकतर वंशानुक्रम के कारण होता है। जो मनोचिकित्सक से सलाह लेने पर धीरे-धीरे दूर हो जाता है। स्किजोफ्रेनिया एक मनोविज्ञानिक रोग है इसमें मरीज के सोच-विचार मन और वास्तविक परिस्थितियों को आभास करने में अंतर हो जाता है। उन्हें कानों में आवाजें आने का भ्रम, नींद नहीं आने तथा भूलने जैसी स्थिति बन जाती है। एंक्ज्याइटी (घबराहट)- भी मानसिक रोगों में से एक प्रमुख रोग है। यह बीमारी विषम परिस्थितियों में उत्पन्न हो सकती है।

पेनिक डिस्आर्डर - कुछ रसायनों के एकाएक शरीर में बढ़ जाने से रोगी एकाएक घबराहट महसूस करता है हाथ पैर ठंडे पड़ जाते हैं पसीना आने लगता है।

फोबिया - अचानक भय यह भी मनोरोग की श्रेणी में आता है। वह व्यक्ति अनजाने भय से ग्रसित हो जाता है। इस रोग में व्यक्ति के दिमाग में बार-बार अनावश्यक विचार बनते-बिगड़ते रहते हैं। देवी-देवताओं के प्रति अपमानजनक सोच बढ़ने लगती है। जगह-जगह दर्द की शिकायत करते रहते हैं।

परिजन ये उपाय करें- अनुशासित जीवनशैली रखें। हैल्दी डाइट लें। कोरोना से बचाव के नियम का पालन जरूर करें। पीड़ितों की बातों को ध्यान से सुनें। उनकी बराबर सहायता करते रहें। उन्हें घबराहट होने पर लंबी-लंबी सांस लेने के लिए कहें। निगेटिव चीजों से उन्हें दूर ही रखें। रोजाना व्यायाम और अच्छी आदतों के लिए प्रेरित जरूर करें, तुरंत चिकित्सक से सलाह लें।

अधिक जानकारी के लिए डॉक्टर साहब से सलाह लें

डॉ. वैभव दुबे मो. 9424401688
www.mentalhealthmantra.com

स्किन पर पड़ने वाले निशान और उनका इलाज

एक निशान रेशेदार ऊतकों का एक क्षेत्र है जो चोट या जलन के बाद त्वचा को बदल देता है। आपके शरीर पर कहीं भी निशान पड़ सकते हैं। चोट लगने के बाद निशान ज़रूरी नहीं हो सकते हैं। सर्जरी के निशान, मुंहासे के निशान, खिंचाव के निशान, नाभि के निशान आदि हो सकते हैं। त्वचा के दाग-धब्बे ज्यादातर बाजार में उपलब्ध विभिन्न जैल और मलहम द्वारा इलाज किए जा सकते हैं। यदि वे हटते नहीं हैं, तो आप निशान के इलाज के लिए और अधिक गंभीर तरीकों से जा सकते हैं। आपके पास डर्माब्रेशन रासायनिक छिलके, लेजर रिसर्फेसिंग या प्लास्टिक सर्जरी के लिए जाने का विकल्प है।

डर्माब्रेशन में, आपकी त्वचा की ऊपरी परत को एक्सफोलिएट करने के लिए एक वायर्ड ब्रश या व्हील का उपयोग किया जाएगा। यह सतह के दागों को हटा देगा और गहरे निशान को कम ध्यान देने योग्य बना देगा। हालांकि, संवेदनशील त्वचा और ऑटोइम्यून समस्या वाले लोगों के लिए यह एक अच्छा विकल्प नहीं है। रासायनिक छिलके हल्के अम्ल से बने होते हैं। छिलके को त्वचा की ऊपरी परत पर लगाया जाता है जो एक नई परत को उजागर करने के लिए एक्सफ़ोलीएट और रोल करता है। रासायनिक छिलके तीन प्रकार के होते हैं। सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला एक गहरा छिलका है जो फिनोल का उपयोग करता है और त्वचा में गहराई तक जाता है।

सतही छिलके मामूली निशान के साथ जुड़े मलिनकिरण में सुधार करता है। मध्यम छिलके का उपयोग ज्यादातर एंटी एजिंग उपचारों के लिए किया जाता है क्योंकि इस छिलके में मौजूद ग्लाइकोलिक एसिड होता है। लेजर रिसर्फेसिंग त्वचा की ऊपरी परत को हटाने के लिए उच्च शक्ति वाले लेजर बीम का उपयोग करता है। लेजर रिसर्फेसिंग दो प्रकार की होती है। एरबियम लेजर रिसर्फेसिंग को चेहरे के दाग के लिए सबसे सुरक्षित माना जाता है जबकि कार्बन डाइऑक्साइड लेजर रिसर्फेसिंग शरीर के अन्य भागों के लिए है और अधिक प्रभावी है।

यदि आप अपने दाग से हमेशा के लिए छुटकारा पाना चाहते हैं तो प्लास्टिक सर्जरी एक और अच्छा विकल्प है। आपके निशान ऊतक को शल्य चिकित्सा रूप से हटा दिया जाएगा या एक स्केलपेल के साथ बदल दिया जाएगा। फिर, डॉक्टर स्थिति की गंभीरता और आपकी आवश्यकता के आधार पर आपके स्वरूप को कम करने के लिए आपके निशान, एपिडर्मिस या निशान को हटा देगा। यदि आपके पास चेहरे या शरीर के निशान हैं जो जैल और मलहम द्वारा ठीक नहीं किए जा सकते हैं; आप त्वचा विशेषज्ञ से परामर्श करने के बाद इनमें से किसी एक उपचार के लिए जा सकते हैं। किसी भी तरह के उपचार के लिए जाने से पहले सुनिश्चित करें कि आपके पास हाइपर सेंसिटिव स्किन नहीं है। उपचार से आपको कई दुष्प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है। रासायनिक छिलके आपकी त्वचा को थोड़ी जलन और लाल धब्बों के साथ छोड़ सकते हैं। लेजर रिसर्फेसिंग से संक्रमण, दाग और त्वचा के रंजकता में परिवर्तन हो सकते हैं। यदि आप डॉक्टर के निर्देशों का पालन करते हैं, तो इसके बारे में चिंतित होने की कोई बात नहीं है।

आपको हर समय अपनी त्वचा को गंदगी से साफ रखना चाहिए। इसे नियमित रूप से धोने के लिए माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। धूप में बाहर निकलने से पहले अच्छी मात्रा में सनस्क्रीन लोशन लगाएं। वैसलीन और पेट्रोलियम जेली लगाने से अपने घावों पर पपड़ी बनना रोकें। डॉक्टर द्वारा निर्देशित दवाओं से बचें। वे उपचार के परिणामों को बनाए रखने में आपकी सहायता करेंगे। लेजर रिसुरफेसिंग को ठीक होने में 3-10 दिन लग सकते हैं। यदि आप प्लास्टिक सर्जरी के लिए जाते हैं, तो आपको अपनी दैनिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने में लगभग 7-10 दिन लग सकते हैं। डर्माब्रेशन और रासायनिक छिलके के बाद, आप अपने घावों की उचित देखभाल करने के साथ-साथ एक या दो दिन में अपनी दिनचर्या की गतिविधियाँ करना शुरू कर सकते हैं। पेट्रोलियम जेली और वैसलीन को हाइड्रेटिंग प्रभाव के लिए जाना जाता है और निशान को खराब होने से रोकता है। शहद त्वचा की लालिमा को कम करने में मदद करता है। आसानी से बाजार में उपलब्ध ब्लीचिंग किट, निशान को कम करने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, इन विधियों को 100 प्रतिशत प्रभावशीलता के लिए नहीं जाना जाता है।

अधिक जानकारी के लिए डॉक्टर साहब से सलाह लें

डॉ. चेतन शर्मा, स्किन परफेक्शन क्लीनिक जवाहर चौक, भोपाल
मो. 7770963303

पेट की खराबी से शुरु होती हैं 90 प्रतिशत बीमारियां

मानव शरीर में लगभग 90 प्रतिशत बीमारियां पेट से ही शुरु होती हैं, यानि अगर पेट साफ नहीं रहता, या पेट में कब्ज रहती है, तो उससे पूरे शरीर में गंदगी फैलती है और उसी से अलग-अलग तरह की छोटी-बड़ी बीमारियां भी जन्म लेती रहती हैं। वहीं, अगर पेट साफ रहता है, तो कोई बीमारी पनप ही नहीं पाती, क्योंकि जो शरीर अंदर से भी साफ रहता है, उसमें कोई बीमारी कैसे हो सकती है।

कब्ज क्या है?

कब्ज का मतलब पेट साफ न होने से ही है। जब पेट में कब्ज होती है, तब मलत्याग में बड़ी परेशानी होती है, क्योंकि ऐसे में मल बहुत सख्त हो जाता है, जिस वजह से ज्यादा जोर लगाना पड़ता है और घंटों बैठे रहना पड़ता है। कब्ज के रोगी को बार-बार शौच के लिए जाना पड़ता है और कभी-कभी तो दो-तीन दिनों तक शौंच ही नहीं हो पाता है।

कब्ज के लक्षण

आमतौर पर कब्ज रहने से सुस्ती, थकान, जी मिचलाना, हल्का बुखार, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, मल-मूत्र की समस्या, बदहजमी, पेट में दर्द, पेट में भारीपन, कमजोर आंतों, पेट में गैस, पेट में कीड़े, मुंह में छाले, मुंह से दुर्गन्ध, बहती नाक, खून की खराबी, त्वचा पर पिंपल्स आदि की समस्याएं हो जाती हैं।

कब्ज क्यों होता है?

आयुर्वेद के अनुसार, शरीर में हर चीज का संतुलन होना चाहिए। शरीर का संतुलन वात, पित्त और कफ दोषों पर निर्भर है। इनमें असंतुलन होने पर शरीर बीमारियों से घिर जाता है।

कब्ज होने के प्रमुख कारण

- दिनभर में पानी कम पीना या सेहतमंद तरल पदार्थों जैसे जूस-सूप आदि का सेवन कम करना,
- खाना खाने के बाद थोड़ा चहलकदमी न करना या तुरंत आराम से बैठ जाना,
- खाने के तुरंत बाद ठंडा पानी पी लेना,
- पहले वाला खाना पचे बिना ही फिर कुछ खा लेना,
- गरिष्ठ या देर से पचने वाले खाने का सेवन ज्यादा करना,
- खाने को अच्छे से चबा-चबाकर न खाना,
- रात में देर से भोजन करना,
- देर से सोना और देर से जागना,
- एल्युमिनियम जैसे बर्तनों में बना भोजन करना,
- ज्यादा व्रत रखना या बिल्कुल ही व्रत न रखना,

इन सबके साथ, बड़ी आंत में चोट या घाव, डायबिटीज के कारण पाचन की समस्या, आंत-लीवर और तिल्ली की बीमारी, डिप्रेशन (तनाव) आदि भी कब्ज के कारण बन सकते हैं।

कब्ज को दूर करने के उपाय

- सुबह उठकर गुनगुना पानी या गुनगुना नींबू पानी पीना चाहिए
- सुबह की हवा और धूप में बैठना चाहिए,
- कोई न कोई एक्सरसाइज या सूर्य नमस्कार करना चाहिए,
- कम से कम 5 मिनिट पेट को सुबह की धूप जरूर दिखाना चाहिए, इससे जठराग्नि तेज होती है, आंतों को बल मिलता है, पाचन शक्ति मजबूत होती है
- सुबह का नाश्ता जरूर लेना चाहिए। नाश्ता हल्का होना चाहिए,
- नाश्ते में तरल पदार्थों, जैसे मौसमी जूस को ज्यादा मात्रा में शामिल करना चाहिए,
- नाश्ता या खाना खूब चबा-चबाकर खाना चाहिए,
- खाने में रेशेयुक्त आहार (फाइबर) को ज्यादा से ज्यादा लेना चाहिए,
- खाने के आटे में चोकर जरूर होना चाहिए, यह मल को ढीला करता है और पेट की झाड़-पोंछकर सफाई करता है
- गेहूं के आटे में चने का आटा मिलाकर खाएं। मोटा आटा खाएं।
- खाने में रिफाइंड तेल और वनस्पति घी का कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए। इनकी जगह सरसों का तेल, नारियल तेल, जैतून का तेल, शुद्ध घी आदि का इस्तेमाल करें।
- फास्ट-फूड का सेवन कम से कम करना चाहिए। मैगी, पिज्जा-बर्गर, मांस, पेप्सी, कोक, शराब आदि से बड़ी आंत सड़ जाती है।
- मैदा, चीनी और सफेद नमक कम से कम खाएं,
- खाना खाने से तुरंत पहले और तुरंत बाद (कम से कम 45 मिनट) एक गिलास पानी नहीं पीना चाहिए। खाने के बीच-बीच में थोड़ा-थोड़ा पानी पीया जा सकता है।
- रात को खाना खाने के बाद कम से कम 500 कदम चलना चाहिए,
- हफ्ते में एक उपवास या व्रत रखें। इससे हमारे शरीर की अंदर से मरम्मत हो जाती है।
- ताजा खाना खाने की ही कोशिश करें। फ्रिज का ठंडा खाना न खाएं।
- गरिष्ठ या देर से पचने वाले खाने का सेवन कम से कम करें । गरिष्ठ खाना खाने के बाद थोड़ी देर टहलें जरूर।

अधिक जानकारी के लिए डॉक्टर साहब से सलाह लें

डॉ. अनिल शर्मा 'मयंक'
प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक भोपाल
मो. 9826739015

ज्योतिष शास्त्र में पितृ दोष व निवारण

पितृ दोष दो प्रकार से प्रभावित करता है, अधोगति प्रभाव एवं ऊर्धवगति प्रभाव। अधोगति वाले पितरों के दोष का मुख्य कारण परिजनों द्वारा किया गया अतृप्त इच्छाएं, जायदाद का मोह और गलत लोगों द्वारा उपभोग होने से, विवाह में परिजनों द्वारा गलत निर्णय, परिवार के किसी सदस्य को व्यर्थ कष्ट देने पर पितृगण क्रोधित हो जाते हैं एवं परिवार जनों को अपनी शुभ ऊर्जाएं देना बंद कर देते हैं एवं अपनी इच्छा शक्ति से अशुभकारी फल प्रदान करते हैं।

उर्ध्व गति वाले पितृगणों से पितृदोष उत्पन्न नहीं होता उनका अपमान होने पर अथवा परिवार के पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन नहीं करने पर वह पितृदोष उत्पन्न करते हैं। इनके द्वारा उत्पन्न पितृदोष से व्यक्ति की आर्थिक उन्नति बिलकुल बाधित हो जाती है, पितृ दोष निवारण के लिए सबसे पहले ये जानना ज़रूरी है कि किस ग्रह के प्रभाव से किस प्रकृति का पितृ दोष उत्पन्न हो रहा है। पश्चात इस दोष के निवाणर्थ उपाय विधि करना चाहिए। जन्म पत्रिका में पितृ दोष लग्न ,पंचम ,अष्टम और द्वादश भाव में पितृदोष का विचार किया जाता है। ग्रहों में मुख्य रूप से चंद्रमा, गुरु, सूर्य, शनि और राहू -केतु की युतियों से पितृ दोष का विचार किया जाता है। इनमें से भी गुरु, शनि और राहु की भूमिका सभी प्रकृति के पितृ दोष में महत्वपूर्ण होती है। इनमें सूर्य ग्रह से पिता या पितामह , चंद्र ग्रह से माता या मातामह, मंगल ग्रह से भ्राता या भगिनी और शुक्र ग्रह से पत्नी का विचार किया जाता है। गुरु, शनि और राहु से पीड़ित होने पर पितृ दोष उत्पन्न होता है, रुद्राक्ष भी धारण कर ले तो पितृ दोष का निवारण हो जाता है। मंत्र जप और स्तोत्रों हवन, तर्पण, जलांजलि आदि कर्मकांड करने से हितकर होता है।

पांच प्रकार के ऋण

हमारे ऊपर मुख्य रूप से 5 ऋण होते हैं जिनका कर्म न करने (ऋण न चुकाने) पर हमें निश्चित रूप से श्राप मिलता है। ये ऋण हैं - मातृ ऋण, पितृ ऋण, समाज प्राणी, देव ऋण और ऋषि ऋण।

1. मातृ लोक ऋण - माता एवं माता पक्ष के सभी लोग जिनमें मां, मामी, नाना, नानी, मौसा, मौसी और इनके तीन पीढ़ी के पूर्वज होते हैं ,क्योंकि मां का स्थान परमात्मा से भी ऊंचा माना गया है। अत: यदि माता के प्रति कोई गलत शब्द बोलता है अथवा माता के पक्ष को कोई कष्ट देता रहता है, तो इसके फलस्वरूप उसको नाना प्रकार के कष्ट भोगने पड़ते हैं। इतना ही नहीं, इसके बाद भी कलह और कष्टों का दौर भी परिवार में पीढ़ी दर पीढ़ी चलता ही रहता है।

2. पितृ लोक ऋण - पिता पक्ष के लोगों जैसे बाबा ,ताऊ ,चाचा, दादा-दादी और इसके पूर्व की तीन पीढ़ी का श्राप हमारे जीवन को प्रभावित करता है। पिता हमें आकाश की तरह छत्रछाया देता है। हमारा जिंदगी भर पालन -पोषण करता है और अंतिम समय तक हमारे सारे दुखों को खुद झेलता रहता है। पितृ-भक्ति करना मनुष्य का धर्म है, इस धर्म का पालन न करने पर उनका श्राप अगली पीढ़ी को झेलना पड़ता है। घर में दरिद्रता, संतानहीनता, संतान को विभिन्न प्रकार के कष्ट आना या संतान अपंग रह जाने से जीवन भर कष्ट की प्राप्ति होती है।

3. देव लोक ऋण - माता-पिता प्रथम देवता हैं, जिसके कारण भगवान गणेश महान बने 7 इसके बाद हमारे इष्ट भगवान शंकर जी, दुर्गा मां, भगवान विष्णु आदि आते हैं, जिनको हमारा कुल मानता आ रहा है। हमारे पूर्वज भी अपने अपने कुल देवताओं को मानते थे, लेकिन नई पीढ़ी ने बिलकुल छोड़ दिया है। इसी कारण भगवान /कुलदेवी /कुलदेवता उन्हें नाना प्रकार के कष्ट /श्राप देकर उन्हें अपनी उपस्थिति का आभास कराते हैं।

4. ऋषि लोक ऋण - जिस ऋषि के गोत्र में पैदा हुए, वंश वृद्धि की, उन ऋषियों का नाम अपने नाम के साथ जोड़ने में नई पीढ़ी कतराती है। उनके ऋषि तर्पण आदि नहीं करती है। इस कारण उनके घरों में कोई मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। इसलिए उनका श्राप पीढ़ी दर पीढ़ी प्राप्त होता रहता है।

5. पृथ्वी लोक ऋण - माता-पिता के अतिरिक्त जिन अन्य मनुष्यों ने हमें प्यार दिया, दुलार दिया, हमारा ख्याल रखा, समय समय पर मदद की, गाय आदि पशुओं का दूध पिया जिन अनेक मनुष्यों, पशुओं, पक्षियों ने हमारी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मदद की, उनका ऋण भी हमारे ऊपर हो गया।

पं. नारायण व्यास
आचार्य ज्योतिष मठ भोपाल
मो. 9826094150

मूल विचार

नवजात शिशु के जन्म के समय अगर अश्विनी, अश्लेषा, मघा, ज्येष्ठा, मूल एवं रेवती नक्षत्र पड़ रहा हो तब वह शिशु मूलक में जन्म लेता है। इनमें से अश्लेषा, मूल एवं ज्येष्ठा नक्षत्र के मूल पूर्ण मूलक होते हैं। मूलधारी नक्षत्रों में जन्म लेने वाले शिशु को मूल शांति तक निहारना पिता के लिए वर्जित है। पूर्ण मूलक नक्षत्रों की शांति 27वें दिन उसी नक्षत्र के आने पर की जाती है। साधारण मूल जैसे अश्विनी, रेवती, मघा की शांति 12वें, 8वें दिन भी कर सकते हैं।

मूल नक्षत्रों के चरणानुसार फलकथन सारणी

नक्षत्र	प्रथम चरण	द्वितीय चरण	तृतीय चरण	चतुर्थ चरण
अश्विनी	पितृ कष्ट	सुखी ऐश्वर्य	पद प्रतिष्ठा	मान-सम्मान
अश्लेषा	पितृ कष्ट	मातृ कष्ट	धन हानि	सुखकारी
मघा	मातृ कष्ट	पितृ कष्ट	शुभतापूर्ण	धन ज्ञानदायक
ज्येष्ठा	भाई को कष्ट	भाई को कष्ट	मातृ कष्ट	शिशु को कष्ट
मूल	शुभतापूर्ण	धन हानि	मातृ कष्ट	पितृ कष्ट
रेवती	राज सम्मान	पद प्रतिष्ठा	धन सुख प्राप्ति	अति कष्ट

जानें शिशु के मुंह में दांत निकलने का फल- प्रथम मास में स्वयं को हानि। दूसरे माह में भ्राता को हानि। तीसरे माह में बहन को परेशानी। चौथे में मातृ हानि। पाचवें में ज्येष्ठ हानि। छटवें में सुख प्राप्ति। सातवें में पितृ सुख। आठवें में पुष्ट प्राप्ति। नौवें लक्ष्मी प्राप्ति दसवें एवं ग्यारहवें में सुख प्राप्ति।

84 लाख योनि का क्रमानुक्रम एवं गणनानुक्रम

जलज जन्तु	900000	सप्त समुद्र
स्थावर जन्तु	2000000	1 लवण मय सिन्धु
कृमि (कीत पतंक)	1100000	2 क्षीर सिन्धु
पक्षिगण वर्ग	1000000	3 दधि सिन्धु
पशु योनि वर्ग	3000000	4 धृत सिन्धु
मानव वर्ण योनि	400000	5 इक्षुरसमय सिन्धु
एवं गणनानुक्रम	8400000	6 मधुमय सिन्धु
		7 अमृतमय सिन्धु

दिव्य ज्योतिष के प्रणेता
ज्योतिष महर्षि
पं. अयोध्या प्रसाद गौतमजी की स्मृति में आयोजित

राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन

में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

दिनांक : 13, 14 जुलाई 2024

आयोजक : ज्योतिष मठ संस्थान भोपाल

संयोजक : ज्योतिषाचार्य पं. विनोद गौतम

आयोजन समिति: पं. नारायण व्यास, पं. धनेश प्रपन्नाचार्य, पं. रामकिशोर वैदिक, श्रीमती रजनी निखिल, पं. सुबोध मिश्रा,

संपर्क: 9827322068, 9826973147, 9827012871, 830574084

प्रेरणा स्त्रोत **ज्योतिषाचार्य पं. श्री नारायण शंकर नाथूराम व्यास जी** प्रख्यात भविष्यवक्ता, कोतवाली, बाजार जबलपुर, **ज्योतिषाचार्य पं. श्री सूर्यकांत चतुर्वेदी जी,** रचयिता - भुवन विजय पंचांग, जबलपुर, **महाराज श्री वैभव भटेले,** प्रसिद्ध कथाकार-भोपाल, **डॉ. जे.पी. पालीवालजी**-पालीवाल हास्पिटल-भोपाल, **ज्योतिषाचार्य पं. श्री राजेश मिश्रजी,** पुष्पांजलि पंचांग-भोपाल, **प्रो. अनिल श्रीवास्तवजी,** इंदौर

पं. अयोध्या प्रसाद गौतम पंचांग

प्रात:कालीन ग्रहाचार स्थिति ता. 1 अप्रैल की



1 बु.गु.	12 सू.शु.रा.	11 मं.श.
2	3	10
9 चं.	4	6 के.
8	5	7

ग्रह परिवर्तन स्थिति

सूर्य- मीन में, ता. 13 को 11:9 रात से मेष में। **मंगल-** कुंभ में, ता. 23 को 10:43 रात से मीन में। **बुध-** मेष में, ता. 2 को दिन 2:55 से वक्री, ता. 9 को 11:10 रात से मीन राशि में, ता. 25 को 5:0 रात्रि अंत से मार्गी, **गुरु-** मेष में। **शुक्र-** मीन में, ता. 24 को 12:55 दिन से मेष में। **शनि-** कुंभ में, **राहू-** मीन में, **केतु-** कन्या राशि में भ्रमणरत रहेंगे।

मूल पिछले माह से जारी मूल ता. 1 को 6।45 सायं तक। ता. 8 को 9।43 दिन से ता. 10 को 6।48 प्रातः तक। ता. 17 को 7।43 प्रातः से ता. 19 को 12।1 दिन तक। ता. 26 को 2।13 रात से ता. 28 को 2।39 रात तक।

गुरु तारा पूर्व दिशा में उदित, ता. 23 को दिन में शुक्र अस्त

ज्योतिष मठ संस्थान

गौतम पंचांग

सूर्य उत्तरायन

बसंत/ग्रीष्म ऋतु



प्रात:कालीन ग्रहाचार स्थिति ता. 14 अप्रैल की

2	1 सू.गु.	12 रा.बु.शु.
3 चं.	4	11 मं.श.
10	5	7
9	6 के.	8

चंद्र परिवर्तन स्थिति

चंद्रमा धनु राशि का. ता. 2 को 12।6 बजे रात से मकर का। ता. 4 को 3।27 बजे रात से कुंभ का। ता. 7 को 5। 51 बजे प्रातः से मीन का। ता. 9 को 8।10 बजे प्रातः से मेष का। ता. 11 को 11। 33 बजे दिन से वृष का। ता. 13 को 4। 37 बजे सायं से मिथुन का। ता. 15 को 11। 59 बजे रात से कर्क का। ता. 18 को 9।42 बजे दिन से सिंह का। ता. 20 को 9। 17 बजे रात से कन्या का। ता. 23 को 8। 54 बजे प्रातः से तुला का। ता. 25 को 6। 58 बजे सायं से वृश्चिक का। ता. 27 को 2।40 बजे रात से धनु का। ता. 30 को 8।3 बजे प्रातः से मकर राशि का चंद्रमा रहेगा।

शालिवाहन संवत 1946
शंकराचार्य संवत् 2530
श्री महर्षि संवत 107

अप्रैल 2024

संवत् 2080-81
चैत्र-वैसाख मास

तिथि समय समा.

तारीख	तिथि	समय	बजे तक	माह पक्ष
1	7	4।16	दिन	चैत्र कृष्णपक्ष
2	8	3।4	दिन	
3	9	1।30	दिन	
4	10	11।35	दिन	
5	11	9।27	दिन	
6	12 13	7।9	प्रातः	
7	14	2।20	रात	
8	30	12।0	रात	
9	1	9।49	रात	चैत्र शुक्लपक्ष
10	2	7।51	रात	
11	3	6।11	सायं	
12	4	4।54	सायं	
13	5	4।3	दिन	
14	6	3।40	दिन	
15	7	3।46	दिन	
16	8	4।24	दिन	
17	9	5।30	सायं	
18	10	7।2	रात	
19	11	8।53	रात	
20	12	10।54	रात	
21	13	12।57	रात	
22	14	2।51	रात	
23	15	4। 28	रात	
24	1	दिन	रात	वैसाख कृष्णपक्ष
25	1	5।35	प्रातः	
26	2	6।17	प्रातः	
27	3	6।29	प्रातः	
28	4 5	6।11	प्रातः	
29	6	4।12	रात	
30	7	2।36	रात	

पिछले पेज अवश्य पढ़ें

ता. 8 सोमवती अमावस्या

सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहते हैं। इस दिन विवाहित स्त्रियों द्वारा इस दिन अपने पतियों के दीर्घायु कामना के लिए व्रत का विधान है। इस दिन मौन व्रत रहने से सहस्र गोदान का फल मिलता है। शास्त्रों में इसे अश्वत्थ प्रदक्षिणा व्रत की भी संज्ञा दी गयी है।

ता. 30 गुरु अर्जुनदेव ज्योति जोत

गुरु अर्जुन देव को बड़े कष्ट पूर्वक ज्योति जोत मिलाया गया था। यह सिखों का प्रमुख पर्व है।

शिव वास अग्नि वास

ता. 2, 6, 10, 14, 20, 21 को शिववाश एवं अग्निवास दोनों रहेंगे।

उपरोक्त तारीखों में विद्वान पाठक समय का निर्धारण कर यज्ञादि कार्य करें।

पंचक

तारीख 4 को 3 बजकर 27 मिनिट रात से तारीख 9 को 8 बजकर 10 मिनिट प्रातः तक पंचक रहेंगे।

वार					
SUNDAY रवि	पंचक (ऊपर देखें)	**7** शिव चतुर्दशी व्रतं; पूर्व भाद्रपद 11।22 दिन; पंचक; चैत्र कृष्ण 14	**14** सूर्य षष्ठी व्रतं; आर्द्रा 5।8 रात; खरमास समाप्त; चैत्र शुक्ल 6	**21** प्रदोष व्रतं; उत्तरा फा. 5।19 सायं; मित्र योग; चैत्र शुक्ल 13	**28** सिद्धि योग; मूल 2।39 रात; गुरु तेग बहादुर जयंती; वैसाख कृष्ण 4, 5
MONDAY सोम	**1** भानु सप्तमी; मूल 6।45 सायं; [illegible] योग; चैत्र कृष्ण 7	**8** सोमवती अमावस्या; उत्तर भाद्रपद 9।43 दिन; सूर्य ग्रहण विदेशों में; पंचक; चैत्र कृष्ण 30	**15** महानिशा पूजा; पुनर्वसु दिनरात; धूम्र योग; चैत्र शुक्ल 7	**22** रेणुका चतुर्दशी; हस्त 7।39 रात; वज्र योग; चैत्र शुक्ल 14	**29** पूर्वाषाढ़ा 2।10 रात; उत्पात योग; वैसाख कृष्ण 6
TUESDAY मंगल	**2** शीतला अष्टमी; पूर्वाषाढ़ 6।12 सायं; मित्र योग; चैत्र कृष्ण 8	**9** विक्रम नववर्ष प्रा.; रेवती 8।10 दिन; पंचक समाप्त, ज्योतिष दिवस; चैत्र शुक्ल 1	**16** महाष्टमी, भवानी उत्पत्ति; पुनर्वसु 6।11 प्रातः; सुस्थिर योग; चैत्र शुक्ल 8	**23** स्नानदान व्रत पूर्णिमा; चित्रा 9।55 रात; हनुमान प्रकटोत्सव; चैत्र शुक्ल 15	**30** मानस योग; उत्तराषाढ़ा 1।21 रात; गुरु अर्जुन देव जयंती; वैसाख कृष्ण 7
WEDNESDAY बुध	**3** उत्तराषाढ़ 5।17 सायं; वज्र योग; चैत्र कृष्ण 9	**10** चैटीचंड, सिंघारा दूज; अश्वि, भर 6।48 रात्रि अंत; चंद्रदर्शन; चैत्र शुक्ल 2	**17** राम नवमी; पुष्य 7।43 प्रातः; मातंग योग, जवारे विस.; चैत्र शुक्ल 9	**24** धूम्र योग; स्वाती 11।49 रात; सत्यसाईं पुण्यतिथि; वैसाख कृष्ण 1	भद्रा (नीचे देखें)
THURSDAY गुरु	**4** श्रवण 4।4 दिन; ध्वज योग; चैत्र कृष्ण 10	**11** सौभाग्य सुंदरी गणगौर; कृतिका 4।53 रात अंत; ईदुल-फितर; चैत्र शुक्ल 3	**18** नवरात्र व्रत की पारणा; श्लेषा 9।42 दिन; अमृत योग; चैत्र शुक्ल 10	**25** आशो दोज; विशाखा 1।16 रात; प्रवर्धमान योग; वैसाख कृष्ण 1	
FRIDAY शुक्र	**5** एकादशी व्रतं सर्वे.; धनिष्ठा 2।37 दिन; चैत्र कृष्ण 11	**12** गणेश चतुर्थी व्रतं; रोहिणी 4।32 रात; मित्र योग, यमघंट योग; चैत्र शुक्ल 4	**19** एकादशी व्रतं सर्वे.; मघा 12।1 दिन; काण योग; चैत्र शुक्ल 11	**26** अनुराधा 2।13 रात; राक्षस योग; वैसाख कृष्ण 2	
SATURDAY शनि	**6** प्रदोष व्रतं; शतभिषा 1।02 दिन; पंचक, वारुणी पर्व; चैत्र कृष्ण 12,13	**13** राम राज्योत्सव; मृगशिरा 4।36 रात अंत; वज्र योग; चैत्र शुक्ल 5	**20** मदन द्वादशी; पूर्वा फा. 2।33 दिन; लुंबक योग; चैत्र शुक्ल 12	**27** गणेश चतुर्थी व्रतं; ज्येष्ठा 2।40 रात; चंद्रोदय 9.50 रात्रि; वैसाख कृष्ण 3	

भद्रा

ता. 3 को 12।38 बजे रात्रि से ता. 4 को 11।35 बजे दिन ता. 7 को सूर्योदय से 3।35 बजे दिन ता. 12 को सूर्योदय से 4।54 बजे दिन ता. 15 को 3।46 बजे दिन से 4।3 बजे रात्रि अंत ता. 19 को 7।56 बजे प्रातः से 8।53 बजे रात्रि ता. 22 को 2।51 बजे रात्रि से ता. 23 को 3।42 बजे दिन तक, ता. 26 को 6।29 बजे सायं से रात्रिअंत। ता. 27 को सूर्योदय से 6।29 बजे प्रातः ता. 29 को 4।2 बजे रात्रिअंत से ता. 30 को 3।26 बजे दिन तक भद्रा रहेगी।

मुहूर्त

विवाह- ता. 18, 19, 20, 21, 22
नामकरण- ता. 4, 15, 18, 19, 25
कर्णभेद - ता. 25, **अक्षरारंभ-** ता. 25
अन्नप्राशन- ता. 4, 15, 25, 26
सीमांत पुंसवन- ता. 28, 30
नवीन वस्त्र- ता. 3, 13, 16, 25, 30
प्रसूति स्नान- ता. 17, 27, 30
गृहारंभ- ता. 25,
व्यापार आरंभ- ता. 3, 12, 13, 16, 25, 26, 28 **संपदा क्रय-** ता. 3
वाहन क्रय- ता. 3, 4, 11, 13, 15, 25
देव प्रतिष्ठा- ता. 15
शल्यक्रिया- ता. 4, 11, 16
वाटिका रोपण- ता. 12, 25, 28
औषधि सेवन- ता. 2, 3, 4, 15, 25, 28
यात्रा- ता. 3, 4, 13, 15, 25
धान्य छेदन- ता. 2, 3, 10, 11, 19
उपनयन- ता. 25
नवान्य भक्षण-ता. 25
गृह प्रवेश- ता. 15, 20
वस्तु विक्रय - ता. 5, 10
नव निर्माण- ता. 11, 25, 28
पशु क्रय-विक्रय- ता. 11, 15
वस्तु क्रय - ता. 4, 11, 18, 29
शस्त्र निर्माण- ता. 2, 5, 14, 28
शिल्प विद्या - ता. 2, 3, 12, 15, 25, 28, 29
वधु प्रवेश - ता. 5

राशिफल

मेष - सफलता, धन लाभ, व्यर्थ विवाद।
वृष- प्रापर्टी से लाभ, रोग, पुत्र सुख।
मिथुन - स्वास्थ्य चिंता, धोखा परेशानी।
कर्क - पुत्र सुख, भूमि लाभ, यात्रा कष्ट।
सिंह - मतभेद बढ़ेगा, मेहमान, आगमन।
कन्या - यात्रा, परेशानी, कष्ट, शुभ प्रसंग।
तुला - व्यर्थ की चिंता, सहयोग मिलेगा।
वृश्चिक - भूमि लाभ, प्रतिष्ठा में वृद्धि, यात्रा।
धनु - श्रम अधिक, लाभ, बेवजह तनाव।
मकर- धन लाभ, मतभेद, शुभ समाचार।
कुम्भ- स्थानांतरण, शरीर कष्ट, तनाव।
मीन- जायजाद वृद्धि, चिंता निवारण।

प्रमुख दिवस, जयंती

ता. 1 वित्तीय वर्ष प्रारंभ, मूर्ख दिवस
ता. 7 विश्व स्वास्थ्य दिवस
ता. 9 गौतम ऋषि जयंती
ता. 10 झूलेलाल जयंती
ता. 13 निषाद राज जयंती
ता. 14 डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती
ता. 21 महावीर जयंती (जैन)
ता. 22 विश्व पृथ्वी दिवस

शुभ योग

सर्वार्थ सिद्धि योग - ता. 7 को 11।22 बजे दिन से रातअंत तक। ता. 9 को 8।10 दिन से रात्रि अंत कक। ता. 15 को सूर्योदय से रात्रि अंत तक। ता 21 को सूर्योदय से 5।9 बजे सायं तक। ता 25 को 1।16 बजे रात से ता 26 को 2।13 बजे रातअंत तक। ता 28 को सूर्योदय से 2।39 बजे रातअंत तक।

अमृतसिद्धि योग- ता 9 को 8।10 बजे प्रातः से रातअंत तक। ता 21 को 5।9 बजे सायं से रातअंत तक।

रवियोग- ता. 1 को सूर्योदय से सायं 6।45 बजे तक। ता. 11 को सूर्योदय से रात्रि 4।53 बजे तक। ता 12 को रात्रि 4।32 बजे से रात्रिअंत ता 13 को सूर्योदय से रात्रि 4।36 बजे तक। ता 14 को सूर्योदय से रात्रि 5।8 बजे तक। ता 17 को प्रातः 7।43 बजे से रात्रिअंत ता 18 को सूर्योदय से रात्रिअंत ता 19 को सूर्योदय से दिन 12।1 बजे तक। ता 21 को सायं 5।9 बजे से रात्रिअंत ता 22 को सूर्योदय से रात्रि 7।39 बजे तक। ता 29 को रात्रि 2।10 बजे से रात्रिअंत ता 30 को सूर्योदय से रात्रि 1।21 बजे तक।

त्रिपुष्कर योग - ता 20 को 2।33 दिन से 10।54 रात तक। ता. 30 को सूर्योदय से 1।21 रात तक। **पुष्य नक्षत्र** - ता. 16 को सूर्योदय से रात्रि अंत क।

भोपाल

सूर्योदय	ता.	1-5.53	7-5.48	13-5.45	19-5.41	25-5.37	30-5.34
सूर्यास्त	ता.	1-6.07	7-6.12	13-6.15	19-6.19	25-6.23	30-6.26

माह के मुख्य व्रत, पर्व एवं त्योहार



ता. 1 भानु सप्तमी
ता. 2 शीतला अष्टमी (बसौरा)
ता. 5 पापमोचिनी एकादशी
ता. 6 प्रदोष व्रत, वारुणी पर्व
ता. 7 मासिक शिवरात्रि चतुर्दशी व्रतं
ता. 8 सोमवती स्नानदान अमावस्या
ता. 9 चैत्र नवरात्रि, घटस्थापना, गुड़ी पड़वा, बैठकी
ता. 10 चेटी चंड, सिंघारा दोज
ता. 11 गणगौर तीज सौभाग्य सुंदरी व्रतं
ता. 12 वैनायकी चतुर्थी व्रतं

ता. 13 रामराज्योत्सव
ता. 14 सूर्य षष्ठी व्रतं
ता. 16 दुर्गाष्टमी, अशोकाष्टमी व्रतं
ता. 17 राम नवमी, जवारे विसर्जन
ता. 18 नवरात्रि पारणा
ता. 19 कामदा एकादशी
ता. 20 मदन द्वादशी
ता. 21 प्रदोष व्रत
ता. 22 रेणुका चतुर्दशी
ता. 23 हनुमान प्रकटो., पूर्णिमा व्रत
ता. 27 संकष्टी चतुर्थी व्रतं

मेष संक्रांति फलं

ता. 13 को 11:9 रात में मेष संक्रांति प्रारंभ होगी। भगवान सूर्य मेष राशि में प्रवेश करेंगे। मंदाकिनी संज्ञक संक्रांति वराह वाहन पर सवार वृष उपवाहन कुमारी अवस्था की है। संक्रांति के प्रभाव से सभी खाद्यान्नों में महंगाई होगी। यह संक्रांति सैनिक वर्ग को सुखदायी है, साथ ही राक्षासी संज्ञक होने से दुष्ट वर्ग को सुखकारी है।

मास फल

इस माह मीन राशि में चतुर्ग्रही योग का प्रभाव रहेगा। एक राशि में 4-5 ग्रहों का जमावड़ा शुभ नहीं होता। सूर्य, चंद्र, राहु-शुक्र का ग्रहण दोष एवं मंगल शनि की युति का प्रभाव अशांति कारक है। गुरु बुध की युति धार्मिक उन्माद बढ़ाएगी। राजनेताओं के आरोप-प्रत्यारोप से सामाजिकता पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। शेयर धातु एवं खाद्यान्नों के प्रभाव सामान्य रहेंगे। प्राकृतिक प्रकोप एवं गर्मी के प्रकोप का प्रभाव परिलक्षित होगा।

इस पंचांग में वर्णित पिछले पृष्ठ का ज्ञान अवश्य पढ़ें।

ज्योतषीय परामर्श हेतु संपर्क करें

प्रकाशक : ज्योतिष मठ संस्थान नेहरू नगर, भोपाल मो.-9827322068

प्रस्तुतकर्ता - पं. विनोद गौतम ईमेल-pt.vinodgoutam@gmail.com website-www.jyotishmath.com

आवश्यक मुहूर्त सूत्र

पुंसवन एवं सीमन्तोन्नयन मुहूर्त विचार

गर्भ से दूसरे या तीसरे मास में पुंसवन तथा छठे या आठवें मास में मासपति के बलवान रहने पर सीमन्तोन्नयन संस्कार शुभ होता है इसमें गुरु-शुक्र अस्तादि का विचार नहीं होता है।

शुभ वार सू.मं. एवं बृ. वारों में मतान्तर से बुध एं चंद्र तथा शुक्र वारों में दम्पति के चंद्र तथा तारा के शुद्ध रहने पर पुंसवन एवं सीमन्तोन्नयन शुभ होता है।

शुभ नक्षत्र मृ. पुष्य, मूल, श्रवण, पुन., हस्त, रेवती, रोहणी तथा तीनों उत्तरा नक्षत्रों में पुरुष के जन्म नक्षत्र को छोड़कर शुभ होता है।

शुभ तिथियां शुक्ल पक्ष की 1, 2, 3, 5, 7, 10, 11, 13 तथा कृष्ण पक्ष की उपर्युक्त दशमी पर्यन्त, तिथियां पूर्वाह्न में शुभ होती है।

लग्न शुद्धि ये दोनों संस्कार पुरुष ग्रहों के लग्न एवं नवमांश में , लग्न से 1, 4, 5, 7, 9, 10 स्थानों में शुभ एं 3, 6, 11 में पापग्रहों की स्थिति में तथा चंद्रमा के 1, 6, 8, 12 से अन्यत्र रहने पर शुभ होते हैं।

नामकरण मुहूर्त विचार

बृहस्पति के मत से सूतक की समाप्ति पर अपने कुल के अनुसार नामकरण करना चाहिए। अथवा वर्णक्रम से 12, 16, 20 एवं 22वें दिन भी नामकरण शुभ होता है।

शुभ नक्षत्र मृ.रे.चि. अनु. उ3. रो. ह. पुन. पुष्य, अश्वि. अभि. स्वा. श्र. ध. श. शतभिषा।

शुभ वार चंद्र, बुध, गुरु. शुक्र।

शुभ तिथियां 1, 2, 3, 5, 7, 11, 12, 13 तिथियां भद्रादिदोष से रहित रहने पर शुभ हैं।

शुभ लग्न 2, 5, 8, 11 लग्न, अष्टम शुद्ध रहने पर शुभ है।

लग्न शुद्धि लग्न से 1, 4, 5, 7, 9, 10 स्थान में शुभ ग्रह एवं 3, 6, 11वें पापग्रह हों तथा 6, 8, 12 ग्रह रहित हों तो पिता-पुत्र का तारा बल विचारकर दिन से पूर्वार्द्ध में नामकरण शुभ तथा मध्याह्न में मध्यम होता है।

विशेष- व्यतिपात, संक्रांति, अमावस्या, वैधृति, ग्रहण एवं श्राद्ध के दिन, पक्ष की छिद्र एवं रिक्ता, पूर्णा तिथियां, शकुनी, किन्स्तुघ्न, विष्टि करणों को छोड़कर अन्य उपर्युक्त तिथियां ही नामकरण में ग्राह्य हैं। विहितकालतिक्रमण के बाद गुरु-शुक्र के अस्तादि से रहित उत्तरायण में शुभ होता है।

अन्नप्राशन मुहूर्त विचार

छठे से आरंभ कर सम मासों में बालकों तथा पांचवें से आरंभ कर विषम मासों में बालिकाओं को अन्नप्राशन करना चाहिए।

शुभ नक्षत्र (सप्तशलाका से विद्ध एवं ग्रहण नक्षत्रों को छोड़कर) रो. उ3. मृ.रे. चि. अनु. ह. पुष्य, अश्वि. अभि. पुन. श्र. ध. स्वा. श. शुभ है।

शुभ तिथियां 2, 3, 5, 7, 10, 13, 15 शुभ तथा अन्य सम।

वार चं. बु. बृ. शु. ये श्रेष्ठ तथा अन्य अशुभ।

लग्नशुद्धि जन्म लग्न से आठवें लग्न-राशि एवं नवमांश को छोड़कर 2, 3, 4, 5, 6, 7, 10, 11 लग्नों में शुभ होता है।

विद्यारम्भ मुहूर्त विचार हेतु सूत्र

सौम्यायन तथा कन्यार्क रहने पर अश्विन में बुध के बलवान रहने पर गणेश तथा सरस्वती का पूजन कर विद्यारंभ शुभ होता है।

शुभ तिथि शुक्ल पक्ष की 2, 3, 5, 6, 10, 12 तथा कृष्ण पक्ष की 2, 3, 5 तिथियां शुभ हैं।

शुभ वार बु.सू.बृ. तथा शुक्रवार शुभ हैं।

शुभ नक्षत्र अश्वि. पु.आ.अनु.मृ.पुन. ह.चि.स्व. र.ध.मू. पू3. श्लेषा, शत. शुभ हैं।

लग्न शुद्धि 2, 3, 6, 9, 12 इन लग्नों में, लग्न से 1, 2, 3, 4, 5, 9, 10वें शुभ ग्रह, 3, 6, 11वें पाप ग्रहों तथा आठवां ग्रह वर्जित (शुद्ध) हो तो उत्तम होता है।

कर्णवेध मुहूर्त ज्ञान

जन्म दिन से 12 या 16वें दिन तथा उसके बाद 6, 7, 8वें महीने अथवा विषम वर्ष में कर्णवेध शुभ होता है। कर्णवेध में समवर्ष, चैत्र, पौष, अधिक जन्म तथा चातुर्मास, रिक्ता एवं अमावस्या तिथि और जन्मतारा का त्याग कर देना चाहिए।

शुभ नक्षत्र पु. अश्वि. ह. पु. अ. मृ. चि. अनु. रे. श्र. ध. नक्षत्र, चन्द्रबल रहने पर शुभ होते हैं। अभि. पुन. श्र. ध. स्वा. श. शुभ है।

वार चं. बु. बृ. तथा शुक्रवार उत्तम हैं।

शुभ तिथियां 1, 2, 3, 5, 7, 10, 12, 13, शुक्ल पक्ष में तथा 1, 2, 3, 5, 7, 10 कृष्ण पक्ष में भद्रादि कुयोग के नहीं रहने पर शुभ होती है।

शुभ लग्न 2, 3, 4, 6, 7, 9, 12 इन राशियों के लग्न तथा नवमांश शुभ है।

लग्नशुद्धि लग्न से 1, 3, 4, 5, 7, 10 स्थानों में शुभ ग्रहों तथा 3, 6, 11वें पाप ग्रहों की स्थिति में अष्टम शुद्ध रहने पर शुभ है। लग्नस्थ गुरु कर्णभेद में विशेष शुभकारक होता है।

मुंडन मुहूर्त ज्ञान

जन्मकाल से तीसरे से विषम वर्षों तथा चैत्र रहित उत्तरायण सूर्य के मासों में शुभ है। मनु के अनुसार प्रथम वर्ष में भी शुभ होता है।

शुभ नक्षत्र ज्ये. मृग. रे. चित्रा, हस्त, अश्वि. पुष्य अश्वि. पुष्य, अश्वि., स्वाती, पुन. श्रवण, धनि., शत. इन नक्षत्रों में चंद्रमा तथा तारा के अनुकूल रहने पर शुभ।

वार चं. बु. गु. शु. भद्रादि कुयोग रहित हैं।

शुभ तिथियां 2, 3, 5, 7, 11, 13 शुक्ल पक्ष की ये तिथियां पूर्वाह्न में शुभ होती हैं।

शुभ लग्न 2, 3, 4, 6, 7, 9, 12 लग्न तथा इनके नवमांश शुभ हैं।

यज्ञोपवीत मुहूर्त बोधक ज्ञान

गुरु, शुक्र के वृद्ध-अस्त एवं शिशुत्व के अतिरिक्त उत्तरायण सूर्य के माघादि पांच मासों में सूर्य, चंद्र एवं गुरु की शुद्धि वश व्रतबंध शुभ माना जाता है। चैत्र मास में मीन राशि का सूर्य रहने पर भी ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत प्रशस्त है।

शुभ नक्षत्र अश्वि., ह., पुष्य, उ3. रो. श्ले., स्वा., पुन. श्रव. ध. श. मू. चि. मृ. अनु. पूर्वा3. रेव. तथा आर्द्रा, बेध रहित नक्षत्र शुभ हैं।

शुभ तिथियां 2, 3, 5, 10, 11, 12 शुक्ल पक्ष तथा 2, 3, 5 कृष्ण पक्ष भद्रादि रहित तिथियां मध्याह्न के उपरांत शुभ हैं।

शुभ वार सू. चं. बु. बृ. शु. इन वारों में रोगबाण के नहीं रहने पर शुभ।

लग्न शुद्धि व्रतबंध में 3, 6 में सभी पापग्रह, 2, 7, 3, 10वें चंद्रमा 1, 4, 5, 7, 9, 10 के शुभ ग्रह तथा 11वें सभी ग्रह शुभ होते हैं। व्रतबंध लग्न से 6, 8 में चं.शु.बृ. तथा लग्नेश शुभ नहीं होते। चंद्र एवं शुक्र 12वें में अशुभ, 1, 5, 8 में पापग्रह अशुभ, 6, 8, 12 शुभ ग्रह अशुभ तथा 3, 6, 11 के पापग्रह शुभ होते हैं। पूर्ण चंद्रमा वृष एवं कर्क राशि का होकर लग्न में श्रेष्ठ होता है अन्यथा नहीं, लग्न में सूर्य भी शुभ है, परन्तु चन्द्र नवमांश न हो।

प्लाट, जमीन जायदाद खरीदने-बेचने का मुहूर्त विचार

शुभ नक्षत्र - अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा और रेवती।

श्रेष्ठ तिथियां -2, 3, 5, 7, 10, 11, 13, 15

श्रेष्ठ बार- रविवार, सोमवार, बुधवार, गुरुवार

वर्जित समय - शुक्रवार का दिन, धनु-मीन की संक्रांति, पितर पक्ष, होलाष्टक,

मुहूर्त सूत्र

गुरु अस्त, शुक्र अस्तकाल।

चुनाव में नामांकन मुहूर्तकाल ज्ञान

दोनों पक्ष की शुभ तिथियां-2, 3, 5, 7, 10, 11, 12, 13, 15. **शुभवार**-रवि, सोम, बुध, शुक्रवार। **सूर्य की होरा**-टेंडर लेने, चुनाव लड़ने, नौकरी आदि के परचे जमा करने, राजकाज का चार्ज लेने, शपथ ग्रहण करने में सर्वश्रेष्ठ रहती है। **शुभ नक्षत्र**-अश्विनी, रोहणी, मृगशिर, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, उ.फा. हस्त, स्वाती, अनुराधा, उ.षा., श्रवण धनिष्ठा, उ.भा. और रेवती। **शुभ लग्न**-जिस लग्न से नवम एवं दशम भाव प्रभावशाली हो और लग्न शुभ ग्रह से दृष्ट हो स्वयं की राशि से चंद्रमा शुभ स्थान में हो। ऐसे समय पर स्थिर लग्न देखकर चुनाव में नामांकन भरना चाहिए।

गृहारंभ मुहूर्त

शुभ नक्षत्र मृगशीर्ष, पुष्य, अनुराधा उत्तराफाल्गुनी, उत्तराभाद्रपद, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शततारका, चित्रा, हस्त, स्वाती, रोहिणी, रेवती ये 13 नक्षत्र गृहारंभ के लिए शुभ होते हैं।

वार सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार ये पांच वार गृहारंभ के लिए शुभ होते हैं।

मास वैशाख, श्रावण, माघ, पौष, फाल्गुन ये पांच महीने गृहारंभ के लिए उत्तम शुभ फलदायी होते हैं।

शुभ लग्न वृषभ, मिथुन, सिंह, कन्या, वृश्चिक, धनु, कुंभ, मीन ये 8 लग्न गृहारंभ के लिए शुभ फलदायी होते हैं।

शुभ ग्रह गृहारंभ के समय 8वें एवं 12वें स्थानों में कोई ग्रह नहीं होना चाहिए।

लग्न से 1, 4, 5, 7, 9, 10वें स्थानों में शुभ ग्रह एवं 3, 4, 11वें स्थानों में पाप ग्रह शुभ होते हैं।

नूतन गृह प्रवेश मुहूर्त

शुभ नक्षत्र उत्तराभाद्रपद, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, रोहिणी, मार्गशीर्ष, चित्रा, अनुराधा, रेवती ये 8 नक्षत्र नूतन गृह प्रवेश के लिए शुभ होते हैं।

वार सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार ये पांच वार गृह प्रवेश के लिए शुभफलदायी होते हैं।

शुभ तिथियां 2, 3, 5, 6, 7, 10, 11, 13 ये तिथियां गृह प्रवेश के लिए शुभ रहती हैं।

शुभ लग्न वृषभ, सिंह, वृश्चिक, कुंभ ये 4 लग्न गृह प्रवेश के लिए उत्तम हैं। मिथुन, कन्या, धनु, मीन ये चार लग्न मध्यम हैं।

जीर्ण पुराने या किराये के मकान में प्रवेश मुहूर्त

शुभ नक्षत्र शततारका, पुष्य स्वाती, धनिष्ठा, चित्रा, अनुराधा, मार्गशीर्ष, रेवती उत्तराभाद्रपद, उत्तराषाढ़ा, उत्तराफाल्गुनी, रोहिणी ये 12 नक्षत्र पुराने या किराये के मकान में प्रवेश के लिए शुभ होते हैं।

वार सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार ये पांच वार पुराने या किराये के मकान में प्रवेश के लिए शुभ होते हैं।

शुभ तिथियां 2, 3, 5, 6, 7, 10, 11, 12, 13 ये तिथियां पुराने या किराये के मकान में प्रवेश के लिए शुभ होते हैं।

मास कार्तिक, मार्गशीर्ष, श्रावण, फाल्गुन, वैशाख एवं ज्येष्ठ मास पुराने या किराये के मकान में प्रवेश के लिए शुभ रहते हैं।

व्यापार/दुकान प्रारंभ करने का मुहूर्त

शुभ नक्षत्र रोहिणी, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद, हस्त, पुष्य, चित्रा, अनुराधा, मृगशिरा, अश्विनी इन दस नक्षत्रों में दुकान प्रारंभ करना शुभ है।

वार सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, इन वारों में दुकान प्रारंभ करना शुभफलदायी होता है।

तिथियां 4, 9, 14 ये रिक्ता तिथियां एवं अमावस्या छोड़कर बाकी सभी तिथियां दुकानारंभ के लिए शुभ हैं।

नौकरी पद प्रतिष्ठा का मुहूर्त

शुभ नक्षत्र ज्येष्ठा, आर्द्रा, भरणी, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वाभाद्रपद, पूर्वाफाल्गुनी, मूल, अश्लेषा, मघा ये 9 नक्षत्र नौकरी प्रारंभ करने के लिए शुभ हैं।

वार रविवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, ये 4 दिन नौकरी प्रारंभ करने के लिए शुभ हैं।

तिथियां 1, 5, 6, 8, 10, 13, 15 ये तिथियां नौकरी प्रारंभ करने के लिए शुभ हैं।

देव प्रतिष्ठा मुहूर्त

शुभ नक्षत्र अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, श्रवण, धनिष्ठा, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद, रेवती 12 नक्षत्रों में प्रतिष्ठा करना श्रेयस्कर है।

वार सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार इन दिनों में प्रतिष्ठा करें।

तिथियां शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, द्वितीया, पंचमी, दशमी, त्रयोदशी और पूर्णिमा एवं कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा, द्वितीया और पंचमी ये तिथियां प्रतिष्ठा के लिए शुभ है।

वस्तु खरीदी के लिए मुहूर्त

चित्रा, अनुराधा, मृगशिरा, रेवती, रोहिणी, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद, अश्विनी, पुष्य, हस्त,अभिजीत इन नक्षत्रों में 4, 9, 14 तिथियों को मंगलवार एवं कुंभ लग्न छोड़कर अन्य तिथि, दिन व लग्नों में चन्द्रमा और शुक्र लग्न में हो एवं 8, 12 स्थानों में पापग्रह न हो एवं 2, 10, 11 स्थानों में शुभ ग्रह हो तो वस्तु खरीदना शुभ है।

वस्तु विक्रय के लिए मुहूर्त

पूर्वा फाल्गुनी, पूर्वाभाद्रपद, पूर्वाषाढ़ा, विशाखा, कृतिका, अश्लेषा, भरणी इन नक्षत्रों में कुंभ लग्न छोड़कर किसी भी लग्न के 1, 4, 5, 7, 9, 10 स्थानों में शुभ ग्रह हों तथा 2, 6, 11 स्थान में अशुभ ग्रह ऐसे लग्न में 1, 2, 5, 10, 11, 15 एवं कृष्ण पक्ष की 1, 2, 5 इन तिथियों में वस्तु का विक्रय करना श्रेयस्कर है।

कालसर्प शांति विधि के लिए मुहूर्त

अश्विनी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, अश्लेषा, मघा, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, स्वाती, अनुराधा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती इन 16 नक्षत्रों में से किसी भी दिन तथा प्रत्येक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी, अमावस्या, शुक्ल पक्ष की द्वितीया तथा पंचमी, श्रावण कृष्ण एवं शुक्ल पंचमी (नागपंचमी तथा शिवरात्रि) कालसर्प योग शांति विधि के लिए शुभ मुहूर्त है।

शल्यक्रिया (ऑपरेशन) के लिए मुहूर्त

मेष, कर्क, तुला, मकर, वृषभ, सिंह, कुंभ ये सात लग्न शल्य क्रिया के लिए शुभ हैं। शल्य क्रिया के समय रवि, मंगल एवं गुरु केंद्र स्थानों में हों, चंद्र बलवान एवं शुभ स्थान में हो। इष्टकालीन लग्नेश शुभ स्थानों में होकर उसकी दृष्टि लग्न पर हो। सोमवार, मंगलवार में शुभयोग हो। अशुभ योग कभी न हो। रवि एवं सोम, रवि एवं लग्नेश का भी शुभयोग हो। अष्टम स्थान में एवं षष्ठ स्थान में लग्नेश, रवि एवं चंद्र न हो। जिसका ऑपरेशन करना हो उसके लग्न से ऑपरेशन का लग्न अष्टम न हो। शरीर के जिस अंग का ऑपरेशन करवाना हो उस हिस्से को जन्मांग में दर्शाया जाना हो, उस हिस्से में चंद्र या पापग्रह नहीं हो। ऑपरेशन दिन में ही करवाया जाना चाहिए।

सर्वारंभ मुहूर्त

सभी कार्यों का आरंभ करने के लिए अपने जन्मांग के लग्न से बारहवां और आठवां स्थान शुद्ध होना चाहिए। इन दो स्थानों में कोई ग्रह नहीं होना चाहिए। जन्म राशि से तीसरा, छठा, दसवां, ग्यारहवां लग्न हो और उस पर शुभ ग्रहों की दृष्टि हो तथा शुभ ग्रह युक्त हों, चंद्रमा जन्म लग्न या जन्म राशि के तीसरे, छठे, दसवें या ग्यारहवें स्थान में होने पर कोई भी कार्य प्रारंभ किया जाना शुभ माना जाता है।

प्रस्तुतकर्ता - पं. विनोद गौतम, ईएम-129, नेहरू नगर, भोपाल मो.-9827322068 email-pt.vinodgoutam@gmail.com website-www.jyotishmath.com
पंजीयन क्रमांक 01/01/26063/12

पं. अयोध्या प्रसाद गौतम पंचांग

प्रात:कालीन ग्रहाचार स्थिति ता. 1 मार्च की



2	1 सू.शु.गु.	12 रा.मं.बु.	11 श.
3	4	10 चं.	9
5	7	6 के.	8

ग्रह परिवर्तन स्थिति

सूर्य- मेष में, ता. 14 को 9:29 रात से वृष में। **मंगल -** मीन में, **बुध-** मीन में, ता. 8 को 1:16 रात से मेष में। ता. 31 को 11:59 रात से वृष में। **गुरु-** मेष में, ता. 1 को 4:20 सायं से वृष में, **शुक्र-** मेष में, ता. 19 को 4:36 दिन से वृष में। **शनि-** कुंभ में, **राहू-** मीन में, **केतु-** कन्या राशि में भ्रमणरत रहेंगे।

मूल ता. 5 को 5।53 सायं से ता. 7 को 2।55 दिन तक। ता. 14 को 3।11 दिन से ता. 16 को 7।18 रात तक। ता. 24 को 9।49 दिन से ता. 26 को 10।28 दिन तक।

गुरु पूर्व में उदित ता. 6 को रात्रि अंत से पश्चिम में अस्त, शुक्र पूर्व महीने से अस्त

ज्योतिष मठ संस्थान

गौतम पंचांग



सूर्य उत्तरायण

ग्रीष्म ऋतु

प्रात:कालीन ग्रहाचार स्थिति ता. 15 मई की

3	2 सू.गु.	1 बु.शु.	12 मं.रा.
4. चं.	5	11 श.	10
6 के.	8	7	9

चंद्र परिवर्तन स्थिति

चंद्रमा मकर राशि का, ता. 2 को 11।32 बजे दिन से कुंभ का। ता. 4 को 2।0 बजे दिन से मीन का। ता. 6 को 4।19 बजे दिन से मेष का। ता. 8 को 7।34 बजे रात से वृष का। ता. 10 को 12।23 बजे रात से मिथुन का। ता. 13 को 7।30 बजे प्रातः से कर्क का। ता. 15 को 5।3 बजे सायं से सिंह का। ता. 17 को 4।29 बजे रात से कन्या का। ता. 20 को 4।9 बजे दिन से तुला का। ता. 22 को 2।28 बजे रात से वृश्चिक का। ता. 25 को 10।22 बजे दिन से धनु का। ता. 27 को 3।58 बजे दिन से मकर का। ता. 29 को 7।37 बजे रात से कुंभ का। ता. 31 को 10।9 बजे रात से मीन राशि का चंद्रमा रहेगा।

शालिवाहन संवत 1946
शंकराचार्य संवत् 2530-31
श्री महर्षि संवत 107

मई 2024

संवत् 2081
वैसाख-ज्येष्ठ मास



ता. 10 अक्षय तृतीया/श्री परशुराम प्रकटोत्सव
इस दिन भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था। अक्षय तृतीया को किए गए कार्य अक्षय रहते हैं। इस दिन मांगलिक कार्यों हेतु अबूझ मुहूर्त रहता है।

ता. 12 आदि गुरु शंकराचार्य जयंती
आदि गुरु शंकराचार्य भगवान शिव अवतार के थे। उन्होंने अद्वैत वेदांत के दर्शन का विस्तार किया। उन्होंने उपनिषदों, भगवद गीता और ब्रह्मसूत्रों के प्राथमिक सिद्धांतों जैसे हिंदू धर्मग्रंथों की व्याख्या एवं पुनर्व्याख्या की। उन्होंने भारत में चार मठों की स्थापना भी की।

शिव वास अग्नि वास
ता. 1, 8, 12, 17, 20, 24, 28 को शिववाश एवं अग्निवास दोनों रहेंगे।

उपरोक्त तारीखों में विद्वान पाठक समय का निर्धारण कर यज्ञादि कार्य करें।

तिथि समय समा.

तारीख	तिथि	समय	बजे तक	माह पक्ष
1	8	12।35	रात	वैसाख कृष्णपक्ष
2	9	10।27	रात	
3	10	8।7	रात	
4	11	5।41	सायं	
5	12	3।14	दिन	
6	13	12।52	दिन	
7	14	10।38	दिन	
8	30	8।38	प्रात:	
9	1	6।56	प्रात:	वैसाख शुक्लपक्ष
10	2 3	5।35	प्रात:	
11	4	4।21	रात	
12	5	4।25	रात	
13	6	5।0	रात	
14	7	दिन	रात	
15	7	5।58	प्रात:	
16	8	7।28	प्रात:	
17	9	9।18	दिन	
18	10	11।18	दिन	
19	11	1।18	दिन	
20	12	3।10	दिन	
21	13	4।45	सायं	
22	14	5।54	सायं	
23	15	6।35	सायं	
24	1	6।47	रात	ज्येष्ठ कृष्णपक्ष
25	2	6।28	सायं	
26	3	5।40	सायं	
27	4	4।25	दिन	
28	5	2।47	दिन	
29	6	12।51	दिन	
30	7	10।40	दिन	
31	8	8।18	प्रात:	

SUNDAY रवि	**भद्रा** ता. 3 को 9।19 बजे दिन से 8।7 बजे रात्रि ता. 6 को 12।52 बजे दिन से 11।49 बजे रात्रि ता. 11 को 4।33 बजे दिन से 4।21 बजे रात्रि अंत, ता. 15 को 5।58 बजे प्रातः से 6।49 बजे सायं तक ता.18 को 12।25 बजे रात्रि से रात्रिअंत। ता. 19 को सूर्योदय से 1।18 बजे दिन ता. 22 को 5।54 बजे सायं से ता. 23 को 6।19 बजे प्रातः ता. 26 को 6।9 बजे प्रातः से 5।40 बजे सायं ता. 29 को 12।53 बजे दिन से 11।51 बजे रात्रि तक।	**5** प्रदोष व्रतं उत्तर भाद्रपद 5।53 सायं पंचक वैसाख कृष्ण 12	**12** ध्वांक्ष योग आर्द्रा 12।49 दिन आदि शंकराचार्य जयंती वैसाख शुक्ल 5	**19** एकादशी व्रतं सर्वे. हस्त 2।56 रात मानस योग वैसाख शुक्ल 11	**26** गणेश चतुर्थी व्रतं मूल 10।28 दिन सिद्धि योग, चंद्रो.9।55 रात ज्येष्ठ कृष्ण 3
MONDAY सोम		**6** शिव चतुर्दशी व्रतं रेवती 4।19 दिन मातंग योग, पंचक स. वैसाख कृष्ण 13	**13** धूम्र योग पुनर्वसु 1।46 दिन रामानुजाचार्य जयंती वैसाख शुक्ल 6	**20** प्रदोष व्रतं चित्रा 5।16 रात अंत परशुराम रुक्मणि द्वादशी वैसाख शुक्ल 12	**27** पूर्वाषाढ़ 10।05 दिन उत्पात योग ज्येष्ठ कृष्ण 4
TUESDAY मंगल		**7** स्नानदान अमावस्या अश्विनी 2।55 दिन वैसाख कृष्ण 14	**14** गंगा सप्तमी पुष्य 3।11 दिन चित्रगुप्त प्रकटो. वैसाख शुक्ल 7	**21** नरसिंह चतुर्दशी स्वाती दिनरात नरसिंह अवतार वैसाख शुक्ल 13	**28** उत्तराषाढ़ 9।19 दिन मानस योग ज्येष्ठ कृष्ण 5
WEDNESDAY बुध	**1** शीतला अष्टमी श्रवण 12।10 रात छत्र योग वैसाख कृष्ण 8	**8** शतुवाई अमावस्या भरणी 1।45 दिन श्राद्ध अमावस वैसाख कृष्ण 30	**15** श्लेष 5।3 सायं राक्षस योग, केवट जयंती वैसाख शुक्ल 7	**22** व्रत की पूर्णिमा स्वाती 7।15 प्रातः धूम्र योग वैसाख शुक्ल 14	**29** छत्र योग श्रवण 8।14 दिन पंचक प्रारंभ ज्येष्ठ कृष्ण 6
THURSDAY गुरु	**2** श्री वत्स योग धनिष्ठा 10।46 रात पंचक प्रारंभ वैसाख कृष्ण 9	**9** लुंबक योग कृतिका 12।54 दिन गुरु अंगदेव जयंती वैसाख शुक्ल 1	**16** सीता नवमी मघा 7।18 रात जानकी जयंती वैसाख शुक्ल 8	**23** स्नानदान पूर्णिमा विशाखा 8।45 दिन बुध जयंती वैसाख शुक्ल 15	**30** धनिष्ठा 6।53 प्रा.त श्रीवत्स योग, पंचक ज्येष्ठ कृष्ण 7
FRIDAY शुक्र	**3** सौम्य योग शतभिषा 9।12 रात पंचक वैसाख कृष्ण 10	**10** अक्षय तृतीया रोहिणी 12।25 दिन परशुराम प्रकटोत्सव वैसाख शुक्ल 2, 3	**17** पूर्वा फा. 9।49 रात सिद्धि योग वैसाख शुक्ल 9	**24** अनुराधा 9।49 दिन मां आनंदमयी जयंती ज्येष्ठ कृष्ण 1	**31** पंचक, सौम्य योग शत, पूभा 5।21 प्रातः रानी अहिल्याबाई जयंती ज्येष्ठ कृष्ण 8
SATURDAY शनि	**4** वरुथनी एकादशी व्रतं पूर्व भाद्रपद 7।32 रात कालदंड योग, पंचक वैसाख कृष्ण 11	**11** गणेश चतुर्थी व्रतं मृगशिर 12।26 दिन वज्र योग वैसाख शुक्ल 4	**18** उत्तरा फा. 12।23 रात उत्पात योग वैसाख शुक्ल 10	**25** नवतपा प्रारंभ ज्येष्ठा 10।22 दिन नारद-आल्हा जयंती ज्येष्ठ कृष्ण 2	**पंचक** ता. 2 को 11 बजकर 32 मिनिट दिन से ता. 6 को 4 बजकर 19 मिनिट दिन तक। ता. 29 को 7।37 रात से पंचक शुरु होंगे।

मुहूर्त

विवाह- गुरु-शुक्र अस्त विवाह मुहूर्त नहीं।
नामकरण- ता. 6, 9, 10, 20, 24, 27, 29, 30
अन्नप्राशन- ता. 3, 9, 10, 23, 29, 30
सीमांत पुंसवन- ता. 10, 26, 28
नवीन वस्त्र- ता. 9, 10, 23, 24, 29
प्रसूति स्नान- ता. 2, 9, 23, 28
व्यापार आरंभ-ता. 9-10, 13, 20, 24, 27
वाहन क्रय- ता. 1, 10, 23, 24, 29
शल्यक्रिया- ता. 9, 14, 23
वाटिका रोपण- ता. 9, 10, 23, 24, 25
औषधि सेवन- ता. 1, 10, 20, 23, 24, 25, 29
यात्रा- ता. 10, 14, 23, 24
धान्य छेदन-ता. 10, 20, 24, 26, 29, 31
नवान्य भक्षण-ता. 10, 20, 23
वस्तु विक्रय - ता. 17, 20, 23, 31
शस्त्र निर्माण- ता. 25, 26
पशु क्रय-विक्रय- ता. 23, 24, 29
आभूषण निर्माण ता. 14, 28
नव निर्माण- ता. 10, 17, 23, 31
शिल्प विद्या-ता. 9, 10, 20, 23, 27, 31

विविध मुहूर्त स्थूल ज्योतिषीय गणना के आधार पर दिए जाए हैं। मुहूर्तो में समय एवं लग्न का निर्धारण करें, समय शुद्धि पश्चात मुहूर्त का उपयोग करें।

राशिफल

मेष - मतभेद बढ़ेगा, मेहमान आगमन।
वृष- व्यर्थ की चिंता, सहयोग मिलेगा।
मिथुन - स्थानांतरण, शरीर कष्ट, तनाव।
कर्क - प्रापर्टी से लाभ, रोग, पुत्र सुख।
सिंह - व्यर्थ विवाद, सफलता, धन लाभ।
कन्या - शुभ प्रसंग, यात्रा, परेशानी, कष्ट।
तुला - चिंता निवारण, जायजाद वृद्धि।
वृश्चिक - स्वास्थ्य चिंता, धोखा परेशानी।
धनु - प्रतिष्ठा में वृद्धि, भूमि लाभ, यात्रा।
मकर- शुभ समाचार, धन लाभ, मतभेद।
कुम्भ- लाभ, श्रम अधिक, बेवजह तनाव।
मीन- पुत्र सुख, भूमि लाभ, यात्रा कष्ट।

प्रमुख दिवस, जयंती

ता. 4 वल्लभाचार्य जयंती
ता. 12 आदिशंकराचार्य जयंती
ता. 13 श्री रामानुजाचार्य जयंती
ता. 15 अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस
ता. 16 वगलामुखी जयंती।
ता. 21 नृसिंह जयंती
ता. 25 नारद जयंती।
ता. 17 विश्व दूरसंचार दिवस

शुभ योग

सर्वार्थ सिद्धि योग - ता 5 को सूर्योदय से 5।53 बजे सायं तक। ता. 7 को सूर्योदय से 2।55 दिन, ता 8 को 1।44 बजे दिन से रातअंत तक। ता 13 को 1।46 बजे दिन से रातअंत तक। ता 14 को 3।11 बजे दिन से रातअंत तक। ता. 19 को सूर्योदय से 2।56 रात, ता 23 को 8।45 बजे प्रातः से रातअंत तक। ता 24 को सूर्योदय से 9।49 बजे दिन तक। ता 26 को सूर्योदय से 10।28 बजे दिन तक।

अमृतसिद्धि योग- ता 7 को सूर्योदय से 2।55 बजे दिन तक। ता 19 को सूर्योदय से 2।56 बजे रातअंत तक। **रवियोग-** ता 10 को दिन 12।25 बजे से रात्रिअंत ता 11 को सूर्योदय से दिन 10।21 बजे तक। ता 12 को सूर्योदय से दिन 12।49 बजे तक। ता 13 को दिन 1।46 बजे से रात्रिअंत ता 14 को सूर्योदय से दिन 3।11 बजे तक। ता 16 को रात्रि 7।18 बजे से रात्रिअंत ता 17 को सूर्योदय से रात्रिअंत ता 18 को सूर्योदय से रात्रि 12।23 बजे तक। ता 20 को रात्रि 5।16 बजे से रात्रिअंत ता 21 को सूर्योदय से रात्रि 7।21 बजे तक। ता 22 को सूर्योदय से प्रातः 7।15 बजे तक। ता 29 को प्रातः 8।14 बजे से रात्रिअंत ता 30 को सूर्योदय से प्रातः 6।53 बजे तक। **त्रिपुष्कर योग-** ता. 4 को 5।41 शाम से 7।32 रात तक।

पुष्य नक्षत्र - ता. 13 को 1।46 दिन से ता. 14 को 3।11 दिन तक।

भोपाल

	ता.						
सूर्योदय	ता.	1-5.34	7-5.30	13-5.27	19-5.25	25-5.22	30-5.21
सूर्यास्त	ता.	1-6.26	7-6.30	13-6.33	19-6.35	25-6.38	30-6.29

माह के मुख्य व्रत, पर्व एवं त्योहार

ता. 1 शीतला अष्टमी व्रतं
ता. 4 वरुथिनी एकादशी
ता. 5 प्रदोष व्रत (कृष्ण)
ता. 6 मासिक शिवरात्रि चतुर्दशी व्रतं
ता. 7 श्राद्ध अमावस्या
ता. 8 शतुवाई, स्नादान अमावस्या
ता. 10 अक्षय तृतीया
ता. 11 वैनायकी चतुर्थी व्रतं
ता. 14 गंगा सप्तमी
ता. 16 जानकी जयंती, चण्डिकानवमी

ता. 19 मोहिनी एकादशी व्रतं
ता. 20 प्रदोष व्रत
ता. 22 नरसिंह चतुर्दशी
ता. 23 स्नानदान व्रत पूर्णिमा व्रत
ता. 25 नवतपा प्रारंभ
ता. 26 श्री गणेश चतुर्थी व्रतं

जैन व्रत पर्व
ता. 10 रोहिणी व्रत, वर्षी तप पारणा अक्षय तृतीया
ता. 7, 22 पाक्षिक प्रतिक्रमण

वृष संक्रांति फलं

ता. 14 को 9:29 रात में वृष संक्रांति होगी। भगवान सूर्य वृष राशि में प्रवेश कर महोदरी संज्ञक संक्रांति का निर्माण करेंगे। यह संक्रांति घोटक वाहन पर सवार, सिंह उपवाहन लिए कृष्ण वस्त्र धारण किए हुए वृद्धावस्था में बैठी हुई स्थिति में प्रवेश कर रही है। इस संक्रांति के प्रभाव से अन्नादि के भाव स्थिर सूचक रहेंगे। यह संक्रांति चंडाल वर्ग को सुखद चोर तस्कर, ठगों को भी शुभकारी है।

मास फल

इस माह सूर्य गुरु शुक्र का त्रिग्रही योग तथा मंगल राहु की युति का प्रभाव अशांति एवं तटीय क्षेत्रों में तनाव की स्थिति निर्मित कर सकता है। देश में सत्ता-संघर्ष के साथ आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में बदलाव देखने को मिलेंगे। सभी खाद्य पदार्थों में तेजी के साथ शेयर सोना, चांदी आदि गोता लगाकर सुधरते नजर आएंगे। वाहन दुर्घटनाओं में वृद्धि का संकेत ग्रह दे रहे हैं।

ज्योतषीय परामर्श हेतु संपर्क करें

प्रकाशक : ज्योतिष मठ संस्थान नेहरू नगर, भोपाल मो.-9827322068

प्रस्तुतकर्ता - पं. विनोद गौतम ईमेल-pt.vinodgoutam@gmail.com website-www.jyotishmath.com

तंत्र, मंत्र, यंत्र

बालाप्रसाद विश्वकर्मा
तांत्रिक मार्तण्ड नागौद सतना, (मप्र),
मो. 9407063626

श्रीमती इंदिरा पाठक
तंत्रज्ञ देवी उपासक अमानगंज-पन्ना (मप्र),
मो. 9424671257

तंत्र रहस्यम्

गोक्षीधारधवल घनसुन्दर खं, चिन्तामणि चतुर्वेदमयं जनेशः।
गंधप्रियं चिन्मघं चिर्जीवितं त्यं, नमामि निखिलेश्वर पाद निर्मिलम।।

तांत्रिक षट्कर्म—

'तन्यते विस्तार्यते ज्ञानमनेन इति तन्त्रं'

अर्थात जिसके आधार पर ज्ञान का विस्तार किया जाता है उसे तंत्र कहते हैं, सदगुरुदेव के अनुसार तंत्र शब्द की उत्पत्ति 'तनु धातु' से एवं औणार्दिक 'ष्ट्रन' प्रत्यय के योग से हुई है . शक्ति और तंत्र को अलग नहीकिया जा सकता ये एक-दूसरे के पर्याय हैं क्योंकि इनमें पूर्ण रूप से सम्बन्ध है तंत्र के बिना शक्ति प्राप्त नहीं की जा सकती और वहीँ शक्ति तंत्र आधीन होती है अत: जिस साधक या शिष्य को शक्तिसंपन्न बनाना है तो उसे तंत्र अपनाना ही होगा।

यदि किसी साधक ने तंत्र क्षेत्र का नाम सुना हो और उसे षट्कर्म के बारे में न पता हो ऐंसा हो ही नहीं सकता क्योंकि ये तंत्र की अति आवश्यक विधा है हालाँकि ये भी सत्य है कि इसका उपयोग सामाजिक कार्यों के लिए जैसा होना चाहिए था वैसा हुआ नहीं है क्योंकि इसके कई अर्थों के अनुसार इसे जन सामान्य में मैली विद्या जैसी मानी जाती है , किन्तु वास्तविकता में ऐंसा है नहीं ये एक अति उच्च और विशिष्ट विद्या का स्वरुप है जिसके अनेकों आयाम हैं । पर अभी तो आवश्यक ये है कि हम यह जान सके कि तांत्रिक षट्कर्म है क्या ?

वशीकरण या आकर्षण, शांति, स्तम्भन, विद्वेषण, उच्चाटन, मारण ये छः प्रकार के कर्म या साधनाओं के वर्गीकृत के सम्मिलित स्वरुप को षट्कर्म कहते हैं और इनका सामान्य सा अर्थ है।

1- **वशीकरण**- अर्थात किसी को भी अपनी आज्ञानुसार चलाना यानि वह आपकी प्रत्येक बात को माने । आपका रंग रूप कैसे भी हो किन्तु आपका आकर्षण इतना हो कि प्रत्येक व्यक्ति आपकी बात सुने आप जहाँ भी जाएँ सबकी आँखे आप पर हों और आप आकर्षण का केंद्र हों ।

2- **शांति कर्म** का साधारण सा अर्थ है, साधक पर किसी भी बुरे ग्रह या ग्रहों की अशुभ अशुभता का या जो देवी-देवता जिनमें कुल देवी देवता से लेकर अनेकों ग्राम देवता और अन्य भी हो सकते हों उनके क्रोध और दुस्प्रभाव का प्रभाव का शमन हों सके ये क्रम शांति कर्म के अंदर आते हैं

3- **विद्वेषण** का सामान्य अर्थ कि किन्ही दो व्यक्तियों के बीच मतभेद पैदा करना या झगडा करवाना ।

4-**उच्चाटन,** मतलब जी या मन का उचाट होना अर्थात जिस व्यक्ति पर ये प्रयोग किया जाता है उसे उसके इक्छित विषय से उसके मन-मस्तिष्क के विचारों को हटा देना।

5-**स्तम्भन** का साधारण अर्थ है की किसी की गति कैसी भी रोक देना ।

6-**मारण**- अर्थात प्रयोग द्वारा किसी को भी मार देना मृत्यु देना ।

किसी भी व्यक्ति को या साधक को तब तक तांत्रिक कहलाने का अधिकार नहीं है जब तक वो इन कर्मों की सिद्धि को पूर्णता के साथ सिद्ध न कर ले इस विधा को किसी अन्य दृष्टिकोण से न देखकर केवल इतना समझ लें कि मारण मोहन जो जाने वो सारा ब्रह्मांड पछाड़े।

प्रभावशाली मंत्र

महामृत्युंजय मंत्र

ॐ त्र्यंबकम् यजामहे सुगन्धिम् पुष्टि वर्धनम्
उर्वारुक मिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मा मृतात्

गायत्री मंत्र

ॐ भूर्भूवः स्वः तत्सवितुर्वरैण्यम भर्गो देवस्य
धी महि धियोयोनः प्रचोदयात्

सौभाग्य मंत्र

ॐ देहि सौभाग्य आरोग्यम् देहि मे परमं सुखम्।
रूपम देहि जयं देहि यशोदेहि द्विशो जाहि।।

सिद्धि मंत्र

ॐ सर्वे ग्रहाणांबै भौवायनाः चेतनाः चरणः चरन्ति,
प्राणायनो मतिष्तस्यैः मंथिनत्वात् मिमिक्षत्

नवार्ण मंत्र

ॐ ऐं ह्री क्लीं चामुण्डायै विच्चैः

नवरात्रि विशेष

हिंदू धर्म के अनुसार, एक वर्ष में चार नवरात्र होती है। वर्ष के प्रथम मास अर्थात चैत्र में प्रथम नवरात्र होती है। चौथे माह आषाढ़ में दूसरी नवरात्र होती है। इसके बाद अश्विन मास में प्रमुख नवरात्र होती है। इसी प्रकार वर्ष के ग्यारहवें महीने अर्थात माघ में भी गुप्त नवरात्र मनाने का उल्लेख एवं विधान देवी भागवत तथा अन्य धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। अश्विन मास की नवरात्र सबसे प्रमुख मानी जाती है। इस दौरान गरबों के माध्यम से माता की आराधना की जाती है। दूसरी प्रमुख नवरात्र चैत्र मास की होती है। इन दोनों नवरात्रियों को क्रमशः शारदीय व वासंती नवरात्र के नाम से भी जाना जाता है। इसके अतिरिक्त आषाढ़ तथा माघ मास की नवरात्र गुप्त रहती है। इसके बारे में अधिक लोगों को जानकारी नहीं होती, इसलिए इन्हें गुप्त नवरात्र कहते हैं।

तंत्र साधना रहस्य

कपाल भैरवी, गुरु प्रदत्तीय सिद्ध अनुष्ठान हेतु चार देवियों के आवाहन पूजन अनुष्ठान का महत्व है।

1 **बगलांनुमुखी**- इन देवी की पूजा-अनुष्ठान शत्रुओं से विजय प्राप्ति हेतु करनी चाहिए।

2.अकालानुमुखी-अकाल घटना अथवा अकाल मृत्यु की संभावना को समाप्त करने के लिए इन देवी की पूजा अनुष्ठान किया जाता है।

3. मोक्षानुमुखी - जब अकाल मृत्यु के पश्चात मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती है और वह पृथ्वी पर मोक्ष की कामना से भटकता रहता है। मोक्ष प्राप्त कराने हेतु मोक्षानुमुखी देवी की आराधना करें।

4. प्रेतानुमुखी- जब किसी महल अथवा सुनसान भवन स्थान आदि में प्रेत का वास हो जाता है, ऐसी स्थिति में भवन स्वामी को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नकारात्मक ऊर्जा को खदेड़ने के लिए प्रेतानुमुखी देवी का आवाहन किया जाता है।

तंत्र साधना हेतु दीक्षा परम आवश्यक है। बिना ज्ञानी गुरु की दीक्षा के तंत्र साधना में बाधाएं आती हैं।

1 स्पर्श दीक्षा, 2 दृग दीक्षा , 3 वेध दीक्षा , 4 क्रिया दीक्षा , 5 वर्ण दीक्षा, 6 कला दीक्षा, 7 शाम्भवी दीक्षा और, 8 वाग् दीक्षा। काल का कलन (नाश) करने के कारण इन्हें काली कहा जाता है।

देवी तंत्र की शक्तिशाली माता काली हैं। काली सर्व प्रथम है इसलिए इन्हें आध्या (आद्या) भी कहा जाता है। काली के वैसे तो अनन्त भेद है , पर मुख्य भेद आठ ही है- 1 चिन्तामणि काली, 2 स्पर्शमणि काली, 3 सन्ततिप्रदा काली, 4 सिद्धि काली, 5 दक्षिणा काली, 6 कामकला काली, 7 हंस काली, 8गुह्य काली।

काली तंत्र के मतानुसार- साधक कालिका के चरण कमलों की पूजा करके आयु, आरोग्य, ऐश्वर्य, बल, पुष्टि, महद् यश (कीर्ति), कवित्व शक्ति, भोग और मोक्ष प्राप्त करनें में समर्थ होते है।

साधक की साधना का फल उसकी भक्ति की शक्ति के अनुरूप ही प्राप्त होता है। साधना के समय पूर्ण श्रद्धा भक्ति एवं विश्वास से पूरे शरीर, मन को स्थिर करने के पश्चात गुरु स्मरण करके साधना की शुरुआत करें। कई बार साधना के समय विघ्न-बाधाएं एवं देरी से विश्वास में कमी न होने दें। ऐसा होने पर पुनः नई गति एवं शक्ति से साधना प्रारंभ करें।

सिद्धि प्राप्ति के पश्चात इसका दुरुपयोग न करें। उपयोग स्वरूप परोपकार एवं सिद्धिफल की प्राप्ति हेतु ही करें।

जीवन में जरूरी है आयुर्वेद

हम वर्षों से आपको आराम देने का कार्य करते आ रहे हैं। हमने देखा है कि जब आप कार्य करके थक जाते हैं पश्चात आपको ऐसा लगता है कि कोई सहारा देकर हाथ पैर हथेली का दर्द दूर कर दे। ऐसे में आपको एक विशेष प्रशिक्षित विषय-विशेषज्ञ की आवश्यकता होगी। जो आपकी संपूर्ण शरीर की पीड़ा को दूर कर सके। थोड़ा मालिस, थोड़ा तकनीकी व्यायाम आदि के द्वारा प्राप्त सुख अगर आप ऐसे किसी सुख की अपेक्षा करते हैं तो हमसे संपर्क करें।

भाग-दौड़ और तनाव, गृहस्थ जीवन में समय की कमी होने की वजह से लोगों का ध्यान परंपरागत आयुर्वेदिक नुस्खों से दूर हो गया है और धीरे-धीरे रसायनयुक्त घातक उत्पादों ने घर-घर तक अपने पैर पसार लिए हैं। जिस कारण शरीर में बीमारियों को आमंत्रण निमंत्रण देने जैसी स्थिति बनती है। किन्तु आज दुनियाभर के लोग अपनी परंपरागत आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाकर शरीर स्वस्थ बनाकर चेहरों के सौन्दर्य को निखार रहे हैं। संतोष योगी जी जिनका अपना अनुभव फिल्मी जगत के कलाकारों के बीच रहकर हुआ। अपने अनुभव के अनुसार कलाकार खुद आयुर्वेदिक नुस्खे अपनाकर अपने शरीर को कांतिमय बना रहे हैं, लेकिन वही कलाकार रासायनिक क्रीमों का प्रचार धड़ल्ले से करते हैं, परन्तु उपयोग नहीं करते। भारतीय औषधियों को अपने जीवन में शामिल कर उसका उपयोग कैसे किया जाए यह जानना बड़ी उपलब्धि है। योगीजी के अनुसार चेहरे की सुन्दरता के लिए दो टमाटर का रस और आधा चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर लगाया जाए और 20 मिनट के बाद धो लिया जाए तो तुरंत फर्क नजर आएगा। चेहरे में तेज एवं निखार दिखाई देगा। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।

संतोष योगी, सौन्दर्य, मालिस विशेषज्ञ इंदौर, मुंबई
मो. 883939328460, 9630731410

शुभफलदायी होते हैं मुहूर्त

मुहूर्त हमारे कार्यों को बल प्रदान करते हैं। श्रेष्ठ मुहूर्त में किए गए कार्यों की सफलता हजार गुना बढ़ जाती है तथा कार्य सुगमता से संपन्न हो जाता है। शास्त्रानुसार अबूझ मुहूर्तों में प्रातःकाल, सूर्योदयकाल का समय एवं दोपहर को अभिजित काल का समय तथा सायंकाल में प्रदोषकाल, गौधूलि बेला का समय एवं रात्रि में महानिशाकाल का समय विशेष तौर पर मुहूर्त की श्रेणी में आता है। प्रातःकाल का मुहूर्त ऋषियों के लिए दोपहर का मुहूर्त व्यापारियों के लिए एवं सायंकाल का मुहूर्त ग्रहस्थों के लिए तथा महानिशाकाल का मुहूर्त तांत्रिक, अघोरियों के लिए सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त मुहूर्त के अभाव में शुभ, लाभ, चर एवं अमृत का चौघड़िया सफलताकारी होता है। राहुकाल देखकर समय त्याज्य कर कार्य आरंभ करना चाहिए। अति आवश्यक यात्रा एवं विशेष परिस्थितियों में मुहूर्ताभाव होने पर पूर्व दिन के मुहूर्त में कार्य का शुभारंभ करके निश्चित समय पर कार्य करने से सफलता प्राप्त होती है।

-जयगुरुदेव, जय महर्षि

24 के मुकाबले सस्ता होता है 18 कैरेट का गोल्ड

कई लोग निवेश के लिए सोना खरीदते हैं या फिर घर-परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों के लिए भी सोना खरीदते हैं, और कुछ लोग इसलिए खरीदते हैं कि बुरे वक्त में वे इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। लेकिन यदि सोना खरा न हो तो यह इत्मिनान चिंता में बदल सकता है। सोना नकली या कम शुद्धता वाला हो तो इसकी बिक्री बेहद कम भाव पर होगी। ऐसा सोना गिरवी रखकर लोन भी नहीं लिया जा सकता। 24 कैरेट और 18 कैरेट सोने की कीमत में अमूमन 25 प्रतिशत का अंतर होता है। जैसे अभी 24 कैरेट सोना 50,440 रुपए प्रति 10 ग्राम है, जबकि 18 कैरेट सोने की कीमत 37,829 रुपए ही है। इस लिहाज से सोना खरीदने से पहले शुद्धता पक्की करने जैसी बुनियादी बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। साथ में प्यूरिटी कोड, टेस्टिंग सेंटर मार्क, ज्वैलर का मार्क और मार्किंग की डेट भी जरूर देख लें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई स्रोतों (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

सोना खरीदते वक्त कैश पेमेंट बड़ी गलती साबित हो सकती है। यूपीआई और डिजिटल बैंकिंग के जरिये पेमेंट करना अच्छा रहता है। आप चाहें तो डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी पेमेंट कर सकते हैं। इसके बाद बिल लेना न भूलें। यदि ऑनलाइन ऑर्डर किया है तो पैकेजिंग जरूर चेक करें। ठगी से बचने का सबसे अच्छा तरीका ये है कि सोना हमेशा भरोसेमंद ज्वेलर से ही खरीदें। ऐसे ज्वेलर्स टैक्स जैसे वैधानिक अनिवार्यता का सही तरीके से पालन करते हैं। चूक होने पर उन्हें ब्रांड वैल्यू गिरने की चिंता रहती है।

कई लोग सोने को निवेश की तरह देखते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आपको सोने की रिसेल वैल्यू के बारे में पूरी जानकारी हो। साथ ही संबंधित ज्वेलर की बायबैक पॉलिसी पर भी स्टोर कर्मचारियों से बातचीत कर लें। 3 से 30 प्रतिशत तक हो सकती है बनवाई- सोने के गहने खरीदते समय बनवाई या मेकिंग चार्ज का जरूर ध्यान रखें। मशीन से तैयार गहनों का मेकिंग चार्ज 3-25 प्रतिशत होता है। शुद्ध सोने के सिक्कों का मेकिंग चार्ज सबसे कम होता है। कुछ कारीगर बारीक डिजाइन वाले गहने भी तैयार करते हैं। इनकी बनवाई 30 प्रतिशत तक हो सकती है। इस मामले में मोल-भाव की गुंजाइश भी होती है।

देवेश सोनी
श्री याशिका ज्वेलर्स, चिंतामन चौक भोपाल मो. 9907466213

सही हो बिल्डिंग मटेलियल

सर्वप्रथम भवन निर्माण की भूमि का भूमि पूजन करने के पश्चात किसी जानकार अथवा बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर से भूमि में निर्माण संबंधी सामान की कीमतों का इस्टीमेट बनवा लें। देखने में आया है कि कई बार पूर्व में अनुमान के मुताबिक सामान की सप्लाई अधिक होती है। इस कारण मकान निर्माण करते समय आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। जिससे भवन निर्माण या तो आधा-अधूरा अथवा समझौतापूर्ण आर्थिक अभाव में पूर्ण होता है। आजकल सीमेंट आदि में मिलावट हो रही है। जिससे भवन कमजोर हो जाता है। इसके लिए किसी अच्छी कंपनी का सीमेंट ही लेना चाहिए। गिट्टी रेत की क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त छपाई में लगने वाले केमीकल्स, सीमेंट को परखने के पश्चात ही पूर्ण छपाई करें। पुट्टी, पुताई, रंग-रोगन आदि का चुनाव पहले ही कर लें। छत की ढलाई के पूर्व बिजली के पाइप अवश्य डलवा लें। खिड़की ग्रिल आदि के कार्य अपनी देखरेख में करें। परदे के क्लेम, राड आदि मजबूत लें। टाइल्स लेटरिंग शीट, पत्थर आदि लेते समय क्वालिटी एवं बजट का ख्याल रखें। ब्रांडेड कंपनियों से मिलते-जुलते नाम की कंपनियों का सामान ना ही लें। भवन बनाते समय पानी का निकास सीवेज व्यवस्था के अतिरिक्त नल के पाइपों की लीकेज, छपाई, टाइल्स लगने के पूर्व चेक कर लें। ऊपर फ्लोर में पानी निकास के लिए ढलान पर्याप्त रखें। सीलन से बचाने के लिए केमीकल का प्रयोग करें। पानी की टंकी पाइप आदि की फिटिंग करते समय ध्यान रखें कि बिजली की फिटिंग के आसपास यह न हो। भवन को समय-समय पर चेक करते रहें।

त्रिलोक नारायण त्रिपाठी
लकी ट्रेडिंग कंपनी, पंट्रोल पंप के आगे महादेवा रोड, धवारी, सतना (मप्र.) मो. 9753742956,

भवन निर्माण और तकनीकी वास्तु शास्त्र

आज के वातावरण के अनुसार सभी लोग वातानुकूलित वास्तु के अनुसार घर का नक्शा बनवाकर मकान निर्माण कराते हैं। जिससे भविष्य में मकान में इंजीनियरिंग का फायदा तो मिलता ही है, वास्तुपूर्ण होने से भवन भी सुखदायी हो जाता है। अत: भवन निर्माण के पहले सोच-समझकर किसी अच्छे तकनीकी इंजीनियर आर्किटेक्ट वास्तुविद से सलाह मशविरा अवश्य कर लें।

मकान में कहां-क्या ?

पूर्व दिशा में मुख्य द्वार एवं स्नानगृह, आग्नेय दिशा में रसोई, भंडारगृह, दक्षिण दिशा में शयनकक्ष एवं शौचालय, नैऋत्य में मास्टर बेडरूम, फालतू सामान, पश्चिम दिशा में भोजन कक्ष, वायव्य दिशा मे कुआंरी लड़कियों के लिए शयनकक्ष, उत्तर दिशा में धन, तिजोरी, बालकनी या मुख्य द्वार। ईशान में पूजाघर, अध्ययनकक्ष, जल संग्रह होना चाहिए।

कारखाने में कहां-क्या ?

पूर्व में मुख्य द्वार, खुली जगह। अग्निकोण में ट्रांसफार्मर, वायलर। दक्षिण में मशीनरी, मार्केटिंग मैनेजर, नैऋत्य में भारी मशीनरी। पश्चिम में कच्चा माल एवं कर्मचारियों के लिए कैंटीन, वायव्य में पक्का माल, उत्तर में मुख्य दरवाजा, कैशियर के कागजात, कम्प्यूटर, मालिक के बैठने का कमरा, ईशान में जल स्टोर, कम्प्यूटर, मालिक के बैठने का कमरा होना चाहिए। कर्मचारी आवास पश्चिम में बनाएं।

गृह निर्माण हेतु वास्तु चक्र

देवगृह पूजास्थल	प्रसूति गृह	सर्व वस्तुस्थान	स्नान गृह	गोरस कक्ष	रसोई घर
चिकित्सा रोगी कक्ष	पूर्व				घृत स्थान
कोषागार	उत्तर	ब्रह्म स्थान	दक्षिण		शयन कक्ष
पेयजल					
मनोरंजन स्थल	पश्चिम				शौचा-लय
पशुशाला, वाहन,भंडार	कोप भवन	भोजन कक्ष	अध्ययन कक्ष		स्नान घर

प्रमुख वास्तुदोष

- नैऋत्य दिशा में गड्ढा- यदि नैऋत्य दिशा में गड्ढा हो तो परिवार के मुखिया की आसमयिक मृत्यु, नींद न आना, व्यवसाय में हानि एवं कई मुसीबतें आती हैं।
- ईशान दिशा में टायलेट - ऐसी स्थिति में बुद्धि ठीक से काम नहीं करती व ज्यादातर गलत निर्णय लेने से परेशानियां आती रहती हैं। गृहस्थी में नाना प्रकार की दिक्कतें आती हैं।
- उत्तर दिशा में मिट्टी का टीला होना - इसके कारण सब सुखों का नाश हो जाता है। कुटुम्ब में परस्पर झगड़े होते हैं। बच्चों की पढ़ाई में अनेक विघ्न आते हैं। पूरे परिवार में मानसिक क्लेश का वातावरण रहता है।

वास्तुदोष शांति के उपाय

- मुख्य द्वार पर मांगलिक चिन्ह स्वास्तिक या गणेश जी की तस्वीर का उपयोग करना चाहिए।
- प्रतिदिन अग्निहोत्र करना चाहिए।
- प्रतिदिन गाय, कौआ, कुत्ते को यथा शक्ति खाने को देना।
- वर्ष में एक वार अमावस्या के दिन दही-चावल एवं नारियल पूरे घर में उतार कर बाहर फेंक देना चाहिए। यह वली का स्वरूप है।
- वर्ष में एक बार हवन-पूजन करवाना चाहिए।
- घर को सदा स्वच्छ रखना चाहिए।
- घर के प्रत्येक सदस्य को परस्पर आदर करना चाहिए।
- घर के सभी जनों को अपना (स्वयं का) वास्तु ठीक रखना चाहिए।

अमित गर्ग
आर्किटेक्टर, सतना
मो. - 8770828676

नोट-भवन मकान के वास्तुदोष को दूर करने के लिए सबसे प्रथम अपना खानपान, दिनचर्या आदि को सुधारकर स्वयं का वास्तुदोष ठीक करना चाहिए। कहते हैं कि अगर आपका स्वयं का वास्तु अच्छा नहीं है तो आपको अच्छे वास्तुकृत भवन में भी सुख-शांति प्राप्त न.हीं है। परन्तु यदि आप स्वयं का वास्तु अच्छा है तो मरघट में भी निवास करने पर आपको सुख-शांति प्राप्त होगी।

पं. अयोध्या प्रसाद गौतम पंचांग

प्रात:कालीन ग्रहाचार स्थिति ता. 1 जून की



3	2 सू.बु.गु.शु.	1	12मं.रा.चं.
4	5	11 श.	
6 के.	8	10	
7		9	

ग्रह परिवर्तन स्थिति

सूर्य- वृष में, ता. 15 को 7:17 प्रातः से मिथुन में। **मंगल-** मीन में, ता. 1 को 4:36 दिन से मेष में। **बुध-** वृष में, ता. 14 को 4:56 रात से मिथुन में। ता. 29 को 2:38 दिन से कर्क में। **गुरु-** वृष में, **शुक्र-** वृष में, ता. 12 को 10:5 रात से मिथुन में। **शनि -** कुंभ में, ता. 30 को 9:34 दिन से वक्री, **राहू-** मीन में, **केतु-** कन्या राशि में भ्रमणरत रहेंगे।

मूल ता. 1 को 2।1 रात. से ता. 3 को 10।59 रात तक। ता. 10 को 10।34 रात से ता. 12 को 2।32 रात तक। ता. 20 को 5।23 सायं से ता. 22 को 6।15 सायं तक। ता. 29 को 10।12 दिन से ता. 30 को 8। 35 दिन तक।

गुरु अस्त ता. 2 को 12 बजे रात से पूर्व में उदित,
शुक्र अस्त ता. 30 को 9।30 रात पश्चिम में उदित।

ज्योतिष मठ संस्थान

सूर्य उत्तरायण

ग्रीष्म / वर्षा ऋतु



प्रात:कालीन ग्रहाचार स्थिति ता. 16 जून की

4	3 सू.बु.शु.	2 गु.	1 मं.
5	6 के.चं.	12 रा.	
7	9	11 श.	
8		10	

चंद्र परिवर्तन स्थिति

चंद्रमा मीन राशि का, ता. 2 को 12।26 बजे रात से मेष का। ता. 4 को 3।31 बजे रात से वृष का। ता. 7 को 8।11 बजे प्रातः से मिथुन का। ता. 9 को 3।2 बजे दिन से कर्क का। ता. 11 को 12।22 बजे रात से सिंह का। ता. 14 को 11।41 बजे दिन से कन्या का। ता. 16 को 11। 25 बजे रात से तुला का। ता. 19 को 9।56 बजे दिन से वृश्चिक का। ता. 21 को 6।3 बजे सायं से धनु का। ता. 23 को 11। 54 बजे रात से मकर का। ता. 25 को 3। 44 बजे रात से कुंभ का। ता. 28 को 6।20 बजे प्रातः से मीन का। ता. 30 को 8।35 बजे प्रातः से मेष राशि का चंद्रमा रहेगा।

शालिवाहन संवत 1946
शंकराचार्य संवत् 2531
श्री महर्षि संवत 107

जून 2024

संवत् 2081
ज्येष्ठ-आषाढ़ मास

ता. 16 को गंगा दशहरा इस दिन राजा भागीरथजी के पुण्य साधना से प्रसन्न होकर गंगाजी का आगमन स्वर्ग से पृथ्वी पर हुआ था। इस दिन गंगा पूजन आदि का विधान है।

ता. 29 को प्रसिद्ध पंचांगकार एवं ज्योतिषाचार्य पं. अयोध्या प्रसाद गौतमजी की पुण्यतिथि आषाढ़ कृष्ण अष्टमी को होती है। पं. गौतमजी की पुण्य तिथि देश विदेश में उनके अनुयायी बड़ी श्रद्धा के साथ मनाते हैं।

शिव वास अग्नि वास

ता. 2, 6, 12, 18, 20, 23, 25, 29 को शिववास एवं अग्निवास दोनों रहेंगे।

उपरोक्त तारीखों में विद्वान पाठक समय का निर्धारण कर यज्ञादि कार्य करें।

तिथि समय समा.

तारीख	तिथि	समय	बजे तक	माह पक्ष
1	9 10	5।50	प्रातः	ज्येष्ठ कृष्णपक्ष
2	11	1।4	रात	
3	12	10।49	रात	
4	13	8।48	रात	
5	14	7।2	रात	
6	30	5।40	सायं	
7	1	4।46	सायं	ज्येष्ठ शुक्लपक्ष
8	2	4।17	दिन	
9	3	4।15	दिन	
10	4	4।46	सायं	
11	5	5।51	सायं	
12	6	7।18	रात	
13	7	9।5	रात	
14	8	11।2	रात	
15	9	1।2	रात	
16	10	2।54	रात	
17	11	4।29	रात	
18	12	दिन	रात	
19	12	5।32	प्रातः	
20	13	6।13	प्रातः	
21	14	6।25	प्रातः	
22	15	6।8	प्रातः	
23	1 2	5।21	प्रातः	आषाढ़ कृष्णपक्ष
24	3	2।37	रात	
25	4	12।39	रात	
26	5	10।27	रात	
27	6	8।5	रात	
28	7	5।37	सायं	
29	8	3।9	दिन	
30	9	12।43	दिन	

SUNDAY रवि	30 प्रवर्धमान योग; रेवती 8।35 दिन; पंचक समाप्त; आषाढ़ कृष्ण 9	2 एकादशी व्रतं सर्वेसाम; रेवती 12।26 रात; प्रवर्धमान योग, पंचक; ज्येष्ठ कृष्ण 11	9 रंभा तीज; पुनर्वसु 9।12 रात; ध्वज योग, बिरसामुंडा पु.ति.; ज्येष्ठ शुक्ल 3	16 गंगा दशहरा, फादर्स-डे; हस्त 10।9 दिन; गायत्री जयंती; ज्येष्ठ शुक्ल 10	23 शुभ योग; पूर्वाषाढ़ 5।59 सा.य.; गुरु हरगोविंद जयंती; आषाढ़ कृष्ण 1,2
MONDAY सोम	**पंचक** पिछले माह शुरु हुए पंचक ता. 2 को 12।26 बजे रात तक। ता. 25 को 3।44 बजे रात से ता. 30 को 8।35 बजे प्रातः तक पंचक रहेंगे।	3 नौतपा समाप्त; अश्विनी 10।59 रात; राक्षस योग; ज्येष्ठ कृष्ण 12	10 गणेश चतुर्थी व्रतं; पुष्य 10।34 रात; गुरु अर्जुनदेव पु.ति.; ज्येष्ठ शुक्ल 4	17 एकादशी व्रतं; चित्रा 12।31 दिन; ईद-उल्जुहा; ज्येष्ठ शुक्ल 11	24 उत्तराषाढ़ 5।18 सा.य.; मृत्यु योग; आषाढ़ कृष्ण 3
TUESDAY मंगल	**भद्रा** तारीख 4 को 8।48 बजे रात्रि से ता. 5 को 7।50 बजे प्रातः तक, ता. 9 को 4।26 बजे रात्रि से ता. 10 को 4।46 बजे दिन तक, ता. 13 को 9।5 बजे रात्रि से ता. 14 को 9।59 बजे दिन तक, ता. 17 को 3।40 बजे दिन से 4।29 बजे रात्रि अतक तक, ता. 21 को 6।25 बजे प्रातः से 6।23 बजे सायं ता. 24 को 3।23 बजे दिन से 2।37 बजे रात्रि ता. 27 को 8।5 बजे रात्रि से ता. 28 को 6।49 बजे प्रातः ता. 30 को 11।39 बजे रात्रि से रात्रि अंत।	4 प्रदोष व्रतं, शिवचतुर्दशी; भरणी 9।46 रात; वट सावित्र व्रत प्रा.; ज्येष्ठ कृष्ण 13	11 श्लेषा 12।22 रात; आनंद योग; ज्येष्ठ शुक्ल 5	18 कूर्म जयंती, चंपक द्वादशी; स्वाती 2।35 दिन; ध्वज योग, चंपक द्वादशी; ज्येष्ठ शुक्ल 12	25 गणेश चतुर्थी व्रतं; श्रवण 4।17 दिन; लुंबक योग; आषाढ़ कृष्ण 4
WEDNESDAY बुध		5 वट सावित्री व्रतं 2 दिन; कृतिका 8।47 रात; सिद्धि योग; ज्येष्ठ कृष्ण 14	12 स्कंध षष्ठी; मघा 2।32 रात; चर योग; ज्येष्ठ शुक्ल 6	19 प्रदोष व्रतं; विशाखा 4।13 दिन; दक्षिणायत वटसावित्री व्रतं; ज्येष्ठ शुक्ल 12	26 मित्र योग; धनिष्ठा 2।59 दिन; पंचक; आषाढ़ कृष्ण 5
THURSDAY गुरु		6 स्नानदान अमावस्या; रोहिणी 8।15 रात; वट सावित्री व्रतं; ज्येष्ठ कृष्ण 30	13 पूर्वा फा. 4।59 रात अंत; गद योग; ज्येष्ठ शुक्ल 7	20 बड़ा महादेव पूजा; अनुराधा 5।23 सायं; दक्षिणायत वटसावित्री व्रतं 2; ज्येष्ठ शुक्ल 13	27 वज्र योग; शतभिषा 1।30 दिन; पंचक; आषाढ़ कृष्ण 6
FRIDAY शुक्र		7 दशासमेध स्नान प्रा.; मृगशिर 8।9 रात; मानस योग; ज्येष्ठ शुक्ल 1	14 मूसल योग; उत्तरा फा. दिनरात; मां धूमावती जयंती; ज्येष्ठ शुक्ल 8	21 व्रत की पूर्णिमा; ज्येष्ठा 6।3 सायं; दक्षिणायत वटसावित्री व्रतं समाप्त; ज्येष्ठ शुक्ल 14	28 पूर्वा भाद्रपद 11।52 दिन; पंचक; आषाढ़ कृष्ण 7
SATURDAY शनि	1 उत्तरा भाद्रपद 2।1 रात; पंचक, धूम्र योग; ज्येष्ठ कृष्ण 9,10	8 मुदुर योग; आर्द्रा 8।28 रात; ज्येष्ठ शुक्ल 2	15 महेश नवमी; उत्तरा फा. 7।34 प्रातः; उत्पात योग, मिथुन संक्रांति; ज्येष्ठ शुक्ल 9	22 स्नानदान पूर्णिमा; मूल 6।15 सायं; संत कबीर दास जयंती; ज्येष्ठ शुक्ल 15	29 शीतला अष्टमी; उत्तरा भाद्रपद 10।12 दिन; पंचक, धूम्र योग; आषाढ़ कृष्ण 8

मुहूर्त

विवाह- शुक्र अस्त का प्रभाव।
नामकरण-ता. 10, 17, 19, 20, 26-27
अक्षरारंभ- ता. 1
अन्नप्राशन- ता. 7, 19, 20, 26, 28
सीमांत पुंसवन- ता. 9
नवीन वस्त्र- ता. 9, 18, 20, 26
प्रसूति स्नान- ता. 13, 20, 25, 30
व्यापार आरंभ- ता. 10, 20
वाहन क्रय- ता. 9, 10, 17, 18, 20, 26
शल्यक्रिया- ता. 4, 18, 20, 27
वाटिका रोपण- ता. 20, 21, 26, 27
औषधि सेवन- ता. 10, 18, 21, 26, 27
यात्रा- ता. 8, 9, 10, 18, 20 ,26
धान्य छेदन- ता. 12, 17, 26, 27
नवान्य भक्षण-ता. 9, 26
शस्त्र निर्माण- ता. 8, 11, 18, 22
पशु क्रय-विक्रय-ता. 9, 10, 18, 26, 27
वस्तु क्रय - ता. 18, 26, 27
शिल्प विद्या - ता.17, 20, 21, 26
आभूषण निर्माण ता. 9, 12, 18
नव निर्माण- ता. 20, 21, 26

मुहूर्तों की तारीखों में समय एवं लग्न का निर्धारण करके शुद्ध मुहूर्त प्राप्त होने पर ही उपयोग में लाएं। अक्टूबर के पिछले पृष्ट में रेखा सहित विवाह मुहूर्त अवश्य देखें।

राशिफल

मेष - स्थानांतरण, शरीर कष्ट, तनाव।
वृष- पुत्र सुख, प्रापर्टी से लाभ, रोग।
मिथुन - शुभ प्रसंग, यात्रा, परेशानी, कष्ट।
कर्क - पुत्र सुख, भूमि लाभ, यात्रा कष्ट।
सिंह - शुभ समाचार, धन लाभ, मतभेद।
कन्या - व्यर्थ की चिंता, सहयोग मिलेगा।
तुला - भूमि लाभ, प्रतिष्ठा में वृद्धि, यात्रा।
वृश्चिक - स्वास्थ्य चिंता, धोखा परेशानी।
धनु - मतभेद बढ़ेगा, मेहमान, आगमन।
मकर- चिंता निवारण, जायजाद वृद्धि।
कुम्भ- लाभ, श्रम अधिक, बेवजह तनाव।
मीन- सफलता, धन लाभ, व्यर्थ विवाद।

प्रमुख दिवस, जयंती

ता. 1 बाल सुरक्षा दिवस
ता. 5 विश्व पर्यावरण दिवस
ता. 9 महाराणा प्रताप छत्रसाल जयंती
ता. 18 रानी लक्ष्मी बाई बलिदान दि.
ता. 21 अंतरराष्ट्रीय योग संगीत दिवस
ता. 22 संत कबीरदास जयंती
ता. 24 रानी दुर्गावती बलिदान दिवस
ता. 29 ज्योतिष महर्षि पं. अयोध्या प्रसाद गौतम पुण्यतिथि

शुभ योग

सर्वार्थ सिद्धि योग - ता 4 को 9।46 बजे रात्रि से ता 5 को 8।47 बजे रात्रि तक। ता 10 को सूर्योदय से 10।34 बजे रात्रि तक। ता 11 को सूर्योदय से 12।22 बजे रातअंत तक। ता. 16 को सूर्योदय से 10।9 दिन तक, ता. 19 को 4।13 दिन से रात्रि अंततक, ता 20 को सूर्योदय से 5।23 बजे सायं तक। ता 23 को 5।59 बजे सायं से रातअंत तक। ता 24 को 5।18 बजे सायं से रातअंत तक। ता 30 को 8।35 बजे प्रातः से रातअंत तक।

अमृतसिद्धि योग- ता 16 को सूर्योदय से 10।9 बजे दिन तक। ता 19 को 4।13 बजे दिन से रातअंत तक। **रवियोग-** ता 9 को रात्रि 9।12 बजे से रात्रिअंत ता 10 को सूर्योदय से रात्रि 10।34 बजे तक। ता 11 को रात्रि 12।22 बजे से रात्रिअंत ता 12 को सूर्योदय से रात्रि 2।32 बजे तक। ता 14 को रात्रि 7।37 बजे से रात्रिअंत ता 15 को प्रातः 7।34 बजे से रात्रिअंत ता 16 को सूर्योदय से रात्रिअंत ता 17 को सूर्योदय से दिन 12।31 बजे तक। ता 19 को दिन 4।13 बजे से रात्रिअंत ता 20 को सूर्योदय से सायं 5।23 बजे तक। ता 27 को दिन 1।30 बजे से रात्रिअंत ता 28 को सूर्योदय से दिन 11।52 बजे तक।

त्रिपुष्कर योग - ता. 18 को 2।35 दिन रात अंत तक। ता. 23 को 5।59 सायं से रात्रि अंत तक।

रविपुष्य योग- ता 9 को 9।12 बजे रात्रि से रातअंत तक।

भोपाल

सूर्योदय	ता.	1-5.20	7-5.19	13-5.18	19-5.17	25-5.17	30-5.18
सूर्यास्त	ता.	1-6.40	7-6.41	13-6.42	19-6.43	25-6.43	30-6.42

माह के मुख्य व्रत, पर्व एवं त्योहार

ता. 2 अपरा एकादशी व्रतं
ता. 4 प्रदोष व्रतं
मासिक शिवरात्रि,
ता. 6 वट सावित्री व्रतं, अमावस्या
ता. 9 रम्भातीज
ता. 10 वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रतं
ता. 15 महेश नवमी, मिथुन संक्रांति
ता. 16 गंगा दशहरा, श्री रामेश्वरप्रतिष्ठा
ता. 17 निर्जला एकादशी
ता. 19 प्रदोष व्रतं
ता. 20 दक्षिणात्य वटसावित्री व्रतारंभ

Siddhi Vinayak Computers
440 Sharda Nagar, 'A' Block Road No. 15, Nariyalkheda, Bhopal (MP)
News paper, Magazine, Calendar, Panchang, Book, Booklet and other Composing Works
Contact us : Mob. : 9926980190

ता. 22 ज्येष्ठ स्नानदान पूर्णिमा व्रतं
ता. 25 संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रतं
ता. 29 शीतला अष्टमी व्रतं

जैन पर्व-त्योहार



ता. 6 रोहिणी व्रतं
ता. 11 श्रुति पंचमी
ता. 5, 27 पाक्षिक प्रतिक्रमण
ता. 5 शांतिनाथ जयंती एवं मोक्ष

पं. अयोध्या प्रसाद गौतम पंचांग घर का पंडित

मिथुन संक्रांति फलं

ता. 15 को 7:17 प्रातः में मिथुन राशि में भगवान सूर्य प्रवेश करेंगे। यह संक्रांति व्याघ्र वाहन पर सवाल होकर अश्व उपवाहन लिए पीत वस्त्र धारण किए बाल्यावस्था में बैठी हुई स्थिति में प्रवेश कर रही है। यह संक्रांति स्थिर भाव सूचक है। बुद्धिजीवियों के लिए यह संक्रांति सुखद है। अनाज के मूल्यों में गिरावट के संकेत हैं। सोना-चांदी में तेजी दिखाई देगी।

मास फल

इस माह वृष राशि पर सूर्य, बुध, गुरु, शुक्र का चतुर्ग्रही योग का प्रभाव परिलक्षित होगा। जिससे देश-विदेश में उपद्रव्य अशांति एवं तनाव की स्थितियां उत्पन्न होने की संभावना है। मंगल पर शनि की दृष्टि उत्तरी प्रांतों में प्राकृतिक आपदा एवं पवर्तीय क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर सकती है। यह ग्रह डीजल-पेट्रोल के दामों में तेजी लाने के संकेत दे रहा है। शुक्र शनि के नव पंचम प्रभाव से देश के विरुद्ध का सामना करना पड़ सकता है। इधर बुध राहु एवं शनि बुद्ध का षडास्टक योग प्राकृतिक आपदा भूकंप की स्थिति बना रहा है। पूर्वी गोलार्ध में युद्धादि की संभावना निर्मित हो रही है।

ज्योतषीय परामर्श हेतु संपर्क करें

प्रकाशक : ज्योतिष मठ संस्थान नेहरु नगर, भोपाल मो.-9827322068

प्रस्तुतकर्ता - पं. विनोद गौतम ईमेल-pt.vinodgoutam@gmail.com website-www.jyotishmath.com

विवाह संस्कार में जरूरी होता है कुंडली मिलान

ज्योतिषाचार्य पं. विनोद गौतम
ज्योतिष मठ संस्थान नेहरू नगर भोपाल
मो. 9827322068

कुंडली मिलाने की विधि

फलित ग्रंथों के द्वारा स्त्री नाशक या पति नाशक जो योग है उन योगों के अनुसार पति के ग्रहों का प्रबल होना आवश्यक है। कुंडली में लग्न चतुर्थ, सप्तम, अष्टम और द्वादश में पापग्रह का होना प्राय: पति नाशक या पत्नी नाशक है, उसमें पति को मंगला और स्त्री को मंगली कहते हैं। यह पंडितों का अनुभव है कि सबसे अधिक दोषकारक मंगल एवं उससे कम बाकी पापग्रह होते हैं।

इस योग को चंद्रमा शुक्र और सप्तमेश से भी देखना चाहिए। द्वितीय सप्तम भावों में भी पापयोग होता है। स्त्री की कुंडली में सप्तम, अष्टम स्थान में शुभ योग होना सौभाग्य वर्द्धक है। सप्तमेश, अष्टमेश का योग अथवा अष्टमेश का सप्तम में होना भी उसी प्रकार का योग होता है। सन्तान प्रतिबंधक योग भी वैधव्य सूचक प्राय: होते हैं। इन योगों के विचार से यदि ग्रह प्रबल पड़े तो विवाह करना योग्य है। इसके बाद आयु, सन्तान और भाग्ययोग को देखना युक्ति संगत है।

प्रश्न लग्न या जन्म लग्न से स्त्री की कुंडली में छठे या आठवें चन्द्रमा हो, लग्न या सातवें पापग्रह हो, लग्न में चन्द्रमा और सातवें मंगल हो तो वैधव्यकारक योग होता है।

यदि कन्या को प्रबल वैधव्ययोग हो तो बट विवाह, कुंभ विवाह या विष्णु प्रतिमादि के साथ विवाह करके चिरंजीव वर के साथ विवाह किया जाए तो पुनर्विवाह का दोष नहीं होता, परन्तु यह काम गुप्त करना चाहिए। सप्तमेश, षष्ठ, सप्तम, नवम्, अष्टम्, द्वादश में पापयुक्त हो तो भी सौभाग्य के लिए अनिष्टप्रद होता है। सप्तमेश का पंचम भाव में होना भी अच्छा नहीं होता। ज्योतिष फलित शास्त्र में दो ही वस्तुओं की अधिक प्रधानता है – लग्न और चन्द्रमा। लग्न को शरीर और चन्द्रमा को मन कहते हैं। प्रेम मन से होता है, शरीर से नहीं। अतएव जन्म राशि के वश मेलापक विचार किया जाता है। गणना जन्मनाम से देखी जाती है। विवाह, यात्रा, उपनयन, चूड़ा, गोचर विचार, मंगल कृत्य इत्यादि कार्यों में जन्मनाम ही प्रधान है। जन्म नाम न मिलने पर प्रसिद्ध नाम से गणना देखनी चाहिए। प्रसिद्ध नाम कोई हो तो अंतिम नाम ग्रहण कर गणना देखने का विधान है। किसी का जन्म तथा प्रसिद्ध नाम और सूर्य-गुरु-चन्द्रमा के बल जन्म नाम से देखना उत्तम है। एक का प्रसिद्ध नाम और दूसरे के जन्म नाम ग्रहण कर मेलापक विचार करने का विधान नहीं है। वर कन्या यदि एक ही गोत्र के हों तो विवाह नहीं करना चाहिए।

वर्ण के गुण 1

	ब्रा.	क्ष.	वै.	शू.
ब्राह्मण	1	0	0	0
क्षत्रिय	1	1	0	0
वैश्य	1	1	1	0
शूद्र	1	1	1	1

वश्य के गुण 2 (ज्ञान चक्र)

	च.	मा.	ज.	व.	की.
चतुष्पद	2	1	1	0	1
मानव (न)	1	2	1	0	1
जलचर	1	1	2	1	1
वनचर	0	0	1	2	0
कीट	1	1	1	0	2

तारा के गुण 3

	1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	3	3	1	3	1	3	1	3	3
2	3	3	1	3	1	3	1	3	3
3	1	1	0	1	0	1	0	1	1
4	3	3	1	3	1	3	1	3	2
5	1	1	0	1	0	1	0	1	1
6	3	3	1	3	1	3	1	3	3
7	1	1	0	1	0	1	0	1	1
8	3	3	1	3	1	3	1	3	3
9	3	3	1	3	1	3	1	3	3

तारा मिलान के लिए कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र गिनें तथा वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र गिनें। जो संख्या आए उसमें ९ का भाग देने पर जो शेष बचे वह तारा मिलान होगा।

योनि के गुण 4

	अ	ग	मे	स	श्वा	मा	मू	गौ	म	व्या	मृ	वा	न	सि
अश्व	4	2	3	2	2	3	3	3	0	1	3	2	2	1
गज	2	4	3	2	2	3	3	3	3	2	3	2	2	0
मेष	3	3	4	3	2	3	2	3	3	1	3	0	3	1
सर्प	2	2	3	4	2	2	1	2	2	2	2	2	0	2
श्वान	2	2	2	2	4	1	1	2	2	1	0	2	2	1
मार्जार	3	3	3	1	1	4	0	2	2	1	2	2	2	2
मूषक	3	2	2	2	1	0	4	2	2	2	2	2	2	1
गौ	3	2	3	1	2	2	2	4	3	0	2	2	3	1
महिष	0	3	3	2	2	2	2	3	4	1	2	2	2	3
व्याघ्र	1	2	1	2	1	1	2	0	1	4	1	1	2	2
मृग	3	3	3	2	0	2	2	3	2	1	4	2	2	2
वानर	2	3	0	2	2	2	2	2	2	1	2	4	2	3
नकुल	2	2	3	0	2	2	2	2	2	2	2	2	4	2
सिंह	1	0	1	2	1	2	1	1	3	1	2	2	2	4

ग्रह मैत्री के गुण 5

	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.
सूर्य	5	5	5	4	5	0	0
चंद्र	5	5	4	1	4	½	½
मंगल	5	4	5	½	5	3	½
बुध	4	1	½	5	½	5	4
गुरु	5	4	5	½	5	½	3
शुक्र	0	½	3	5	½	5	5
शनि	0	½	½	4	3	5	5

ग्रह मैत्री के गुण 6

	दे.	मं.	रा.
देवता	6	5	1
मनुष्य	6	6	0
राक्षस	0	0	6

भकूट के गुण 7

	मे	वृ	मि	क	सिं	क	तु	वृ	ध	म	कु	मी
मेष	7	0	7	7	0	0	7	0	0	7	7	0
वृष	0	7	0	7	7	0	0	7	0	0	7	7
मिथुन	7	0	7	0	7	7	0	0	7	0	0	7
कर्क	7	7	0	7	0	7	7	0	0	7	0	0
सिंह	0	7	7	0	7	0	7	7	0	0	7	0
कन्या	0	0	7	7	0	7	0	7	7	0	0	7
तुला	7	0	0	7	7	0	7	0	7	7	0	0
वृश्चिक	0	7	0	0	7	7	0	7	0	7	7	0
धनु	0	0	7	0	0	7	7	0	7	0	7	7
मकर	7	0	0	7	0	0	7	7	0	7	0	7
कुम्भ	7	7	0	0	7	0	0	7	7	0	7	0
मीन	0	7	7	0	0	7	0	0	7	7	0	7

नैसर्गिक ग्रह-मैत्री चक्र

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	ग्रह
चं.मं.गु.	सू.बु	सू.चं.गु.	सू.शु.	सू.चं.मं.	बु.श.	बु.शु.	मित्र
बुध	मं.गु.शु.श.	शु.श.	मं.गु.श.	शनि	मं.गु.	गुरु	सम
शु.श.	0	बुध	चन्द्र	बु.शु.	सू.चं.	सू.चं.मं.	शत्रु

कुंडली मिलान

अधिकतम 36 गुण होते हैं। 18 गुणों से ऊपर मिलान शुभ होता है। 25 गुणों का मिलान अधिक शुभ होता है।

नाड़ी के गुण 8

	आदि	मध्य	अन्त्य
आदि	0	8	8
मध्य	8	0	8
अन्त्य	8	8	0

प्रसिद्ध नाम से मिलान

वर का नाम अरविंद प्रथम अक्षर 'अ' कन्या का नाम नीलम प्रथम अक्षर 'नी' मिलान करने पर 19।। गुण मिले।

कुंडली में मंगल मिलान

जन्म पत्रिका में 1, 4, 7, 8 एवं 12वें स्थान में मंगल होने से मंगली मानी जाती है। वर एवं कन्या दोनों की कुंडलियों में मंगल होने पर दोष परिहार हो जाता है।

अष्ट कूट दोष परिहार

1. **वर्ण दोष परिहार** - राशीश मैत्री/एकता या वर के राशीश का वर्ण कन्या के राशीश के वर्ण में उत्तम हो।
2. **वश्य दोष परिहार** - राशीश मैत्री/एकता, या योनी दोष न हो, कूट में पूर्ण गुण हो।
3. **तारा दोष परिहार** - राशीश मैत्री एकता।
4. **योनी दोष परिहार** - राशीश मैत्री एकता भकूट शुद्धि या वश्य शुद्धि।
5. **राशीश दोष परिहार**-एक ही नक्षत्र व राशि भिन्न हो, भकूट शुद्धि, अथवा नवांशेष की मैत्री/एकता।
6. **गण दोष परिहार** - राशीश मैत्री/एकता या भकूट शुद्धि।
7. **भकूट दोष परिहार** - राशीश मैत्री/एकता।
8. **नाड़ी दोष परिहार** - 1. राशी मैत्री/एकता हो 2. दोनों की राशि एक तथा नक्षत्र भिन्न हों। 3. दोनों के नक्षत्र एक तथा राशि भिन्न हों। 4. एक राशि व एक नक्षत्र हों किन्तु चरण भिन्न हों।

एक गोत्र तथा एक प्रवर में विवाह दोष

लड़के का विवाह एक गोत्र तथा मामा के गोत्र प्रवर वाली कन्या के साथ नहीं करना चाहिए। उसके साथ विवाह करने पर ब्रह्म हत्या का दोष लगता है। उससे उत्पन्न संतान चंडाल होती है।

त्रिज्येष्ठादि विचार

प्रथम गर्भ से उत्पन्न (जेठे) वर-कन्या का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिये। वर कन्या में कोई भी 1 द्वितीय गर्भ का हो तो ज्येष्ठ में विवाह शुभ हैं। कृतिका नक्षत्र के सूर्य को त्यागकर त्रिजेष्ठ में भी दानादि से विवाह शुभ है दो सहोदर भाईयों का विवाह दो सहोदर कन्याओं के साथ नहीं करना चाहिये। एक ही वर को दो सहोदर कन्याओं को नही देना चाहिये, एक ही घर में एक साथ दो मांगलिक कार्य नहीं होते है, मण्डप एवं आचार्य बदलने पर हो सकते है। पुत्र के विवाह के बाद 6 माह के अन्दर कन्या का विवाह या उपनयन आदि मांगलिक कार्य एवं पितरों की श्राद्धादि क्रिया नहीं होती है संवत् बदलने पर हो सकती है।

कन्या के विवाह में अवरोध

आजकल कन्या के विवाह की समस्या प्राय: प्रत्येक गृहस्थ के समक्ष उपस्थित होती है। इसके लिए माता-पिता को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शास्त्रों में वर्णित 'कात्यायनी देवी' का अनुष्ठान बड़ा ही अनुभूत व सिद्धिप्रद है। जनसाधारण की जानकारी व जनहित में इस मंत्र के अनुष्ठान की विधि दी जा रही है। इसे नियम व श्रद्धापूर्वक करने या कराने से कन्या के विवाह में आने वाले विघ्न दूर होते हैं व विवाह सकुशल संपन्न हो जाता है।

जप की विधि - यह जप केले के सूखे पत्ते की आसनी पर बैठकर कमलगट्टे की माला से किया जाता है। जप के समय कडुआ तेल का दीपक जलते रहना चाहिए। जिस व्यक्ति को यह अनुष्ठान करना हो उसे लाल या पीला वस्त्र पहनकर 21 दिन (जप काल) तक ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। इस मंत्र का जाप जपकर्ता को पान खाते हुए करना चाहिए। इस जप को 41000 पुनश्चरण है, प्रथम दिन मंत्र का 1000 जाप करें व उसके बाद 20 दिनों तक प्रतिदिन 2000 मंत्र का जाप करें। जप काल में प्रतिदिन केले के वृक्ष का पूजन पंचोपचार विधि से करें। भोग व प्रसाद के रूप में पीले पेड़े का प्रयोग करना चाहिए।

मंत्र - कात्यायनि महामाये महायोगिन्यधीश्वरि। नन्दगोप सुतं देवि पतिं में कुरु ते नमः।।

अनुष्ठान के अंत में दशांश हवन, तर्पण, मार्जन तथा ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए। भोजन में पीला मिष्ठान अवश्य परोसें।

विशेष-विवाह योग्य कन्या को दुर्गा सप्तसती में वर्णित सिद्ध सौभाग्य मंत्र का दैनिक ग्यारह बार जप करना चाहिए व मां दुर्गा के प्रति आस्था एवं विश्वास रखना चाहिए। सौभाग्य प्राप्तिकारण अनुष्ठान भी हितकर होता है।

मंत्र -ॐ देहि सौभाग्य आरोग्यम् देहि मे परमं सुखम्। रूपम् देहि जयं देहि यशोदेहि द्विशो जाहि।।

क्या होते हैं पंचक, जानिए उनके प्रकार एवं महत्व

प्राचीन ज्योतिष शास्त्र में मुहूर्त (काल, समय) का विशेष महत्व माना गया है। मुहूर्त में ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति की गणना के आधार पर किसी भी कार्य के लिए शुभ-अशुभ होने पर विचार किया जाता है। प्रत्येक माह में लगभग 27 दिनों के अंतराल पर पांच नक्षत्र आते रहते हैं। क्योंकि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चंद्रमा अपनी मध्यम गति से 27 दिनों में सभी नक्षत्रों का भोग करता है।

पांच नक्षत्रों का समूह कहलाता है पंचक - धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद एवं रेवती भी ऐसे ही पांच नक्षत्रों का एक समूह है। धनिष्ठा के प्रारंभ होने से लेकर रेवती नक्षत्र के अंत समय को पंचक कहते हैं।

रोग पंचक - रविवार को शुरू होने वाला पंचक रोग पंचक कहलाता है। इसके प्रभाव से ये पांच दिन शारीरिक और मानसिक परेशानियों वाले होते हैं। इस पंचक में किसी भी तरह के शुभ कार्य नहीं करने चाहिए। हर तरह के मांगलिक कार्यों में ये पंचक अशुभ माना गया है।

राज पंचक - सोमवार को शुरू होने वाला पंचक राज पंचक कहलाता है। ये पंचक शुभ माना जाता है। इसके प्रभाव से इन पांच दिनों में सरकारी कामों में सफलता मिलती है। राज पंचक में संपत्ति से जुड़े काम करना भी शुभ रहता है।

अग्नि पंचक - मंगलवार को शुरू होने वाला पंचक अग्नि पंचक कहलाता है। इन पांच दिनों में कोर्ट-कचहरी और विवाद आदि के फैसले, अपना हक प्राप्त करने वाले काम किए जा सकते हैं। इस पंचक में अग्नि का भय होता है। ये अशुभ होता है। इस पंचक में किसी भी तरह का निर्माण कार्य, औजार और मशीनरी कामों की शुरुआत करना अशुभ माना गया है। इनसे नुकसान हो सकता है।

मृत्यु पंचक - शनिवार को शुरू होने वाला पंचक मृत्यु पंचक कहलाता है। नाम से ही पता चलता है कि अशुभ दिन से शुरू होने वाला ये पंचक मृत्यु के बराबर परेशानी देने वाला होता है। इन पांच दिनों में किसी भी तरह के जोखिम भरे काम नहीं करना चाहिए। इसके प्रभाव से विवाद, चोट, दुर्घटना आदि होने का खतरा रहता है।

चोर पंचक - शुक्रवार को शुरू होने वाला पंचक चोर पंचक कहलाता है। विद्वानों के अनुसार, इस पंचक में यात्रा करने की मनाही है। इस पंचक में लेन-देन, व्यापार और किसी भी तरह के सौदे भी नहीं करने चाहिए क्योंकि इससे धन हानि हो सकती है।

चोरी/खोई वस्तु का विचार

जिन दिन वस्तु खोई या चोरी हो गई हो उस दिन का नक्षत्र कैलेंडर में देखें। तत्पश्चात नीचे दिए हुए नक्षत्रों में मिलान करें। वस्तु कहां है पता चल जाएगी।

- ⇨ रोहिणी, पुष्य, उ.फा., विशाखा, पू.षा., धनिष्ठा, रेवती नक्षत्र में खोई हुई वस्तु पूर्व में व जल्द मिलने की आशा।
- ⇨ मृगशिरा, अश्लेषा, हस्त, अनुराधा, उ.षा., शतभिषा, अश्विनी नक्षत्र में चोरी या खो गई वस्तु दक्षिण में तथा बहुत कोशिशों के बाद मिलती है।
- ⇨ भरणी, आर्द्रा, मघा, चित्रा, ज्येष्ठा, पू.भा. में गई वस्तु पश्चिम में मिलना बहुत कठिन होता है।
- ⇨ पुनर्वशु, पू.फा. स्वाती, मूल, श्रवण, उ.भा., कृतिका नक्षत्र में गई वस्तु का मिलना ज्यादा कठिन होता है।

मांगलिक कार्य : विवाह विषयक ज्ञान

कन्या का वैधव्यदोष नाशक कुंभ विवाह

